नई दिल्ली

बुधवार, 9 अप्रैल 2025

चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 359
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 40
न्यूून. 24


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## सबसे ज्यादा लोन महिलाओं ने लिए

सबसे ज्यादा लोन महिलाओं ने लिए, सबसे ज्यादा लोन महिलाओं को मिले, और सबसे तेजी से लोन चुकाने वाली भी महिलाएं ही हैं। यह टिप्पणी न केवल योजना की समावेशिता को दर्शाती है, बल्कि महिलाओं की ईमानदारी और उद्यमशीलता की भावना को भी रेखांकित करती है। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना बाबासाहेब अंबेडकर के सपनों को साकार करने का एक माध्यम बनी है, जो सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर केंद्रित थे। मोदी ने लाभार्थियों के साथ बातचीत में बताया कि मुद्रा योजना ने न केवल व्यक्तिगत स्तर पर लोगों को सशक्त किया, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में भी योगदान दिया। पीएम ने लाभार्थियों की कहानियों को प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने गुजरात के एक आदिवासी समूह का उदाहरण दिया, जिसने छोटे से ऋण की मदद से पारंपरिक संगीत से पेशेवर बैंड बनाया और अपनी आर्थिक स्थिति सुधारी। इसी तरह, केरल के एक उद्यमी की कहानी का जिक्र किया, जो यूएई में काम करता था और मुद्रा योजना की मदद से भारत लौटकर सफल व्यवसायी बना। इन कहानियों के जरिए उन्होंने दिखाया कि छोटी मदद से बड़े बदलाव संभव हैं।

### पीएम ने अपने आवास पर लाभार्थियों के साथ बातचीत की

# मुद्रा योजना की सफल यात्रा की गाथा: लाभार्थियों से सुने पीएम मोदी ने जीवन में बदलाव के अनुभव

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। उनके अनुभव पूछे। खुद के अनुभव साझा किये। मुद्रा योजना 8 अप्रैल, 2015 को शुरू की गई थी, छोटे और सूक्ष्म उद्यमियों को बिना गारंटी के ऋण प्रदान करने के लिए बनाई गई थी, ताकि वे अपने व्यवसाय को शुरू या बढ़ा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। प्रधानमंत्री ने मुद्रा योजना को एक ऐसी मूक क्रांति करार दिया।

जिसने बिना किसी शोर-शराबे के देश के करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव लाया। उन्होंने कहा कि यह योजना किसी भी सरकार के लिए आंखें खोलने वाली है, क्योंकि यह दिखाती है कि छोटे उद्यमियों को थोड़ी सी मदद से कितने बड़े परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने इसे केवल वित्तीय सहायता तक



सीमित नहीं माना, बल्कि इसे एक ऐसा माध्यम बताया जो लोगों की उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करता है और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर ले जाता है। पीएम ने बताया कि मुद्रा योजना के तहत पिछले 10 वर्षों में 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण बिना किसी गारंटी के दिया गया है। उन्होंने इसे एक अभूतपूर्व कदम बताया, जो आम लोगों तक पहुंचा। उनका कहना था, अखबारों में लिखा जाता है कि यह अमीरों की सरकार है, लेकिन सारे अमीरों को मिला दें तो भी उनके पास 33 लाख रुपये नहीं होंगे। यह 33 लाख करोड़ रुपये देश के आम लोगों को दिए गए हैं। इससे उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि यह योजना गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए है, न कि बड़े उद्योगपतियों के लिए। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मुद्रा योजना में सबसे अधिक लाभार्थी महिलाएं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। उन्होंने कहा, इस योजना में सबसे ज्यादा महिलाएं आगे आई हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
गुजरात राजस्थान
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### सेंसेक्स 1600 अंक पर निफ्टी 22650 के पार

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजारों ने मंगलवार को शानदार वापसी की। सेंसेक्स एक 1,600 अंकों से भी अधिक चढ़ गया था। वहीं निफ्टी ने 22,650 के पार पहुंच गया। ग्लोबल बाजारों में तेजी और ट्रेड वार के भारत पर तुलनात्मक रूप से कम असर पड़ने की संभावना से निवेशकों का सेंटीमेंट मजबूत हुआ है। निफ्टी के लगभग सभी 13 प्रमुख सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

### बदले जाएंगे सिम कार्ड सरकार कर रही तैयारी!

**नई दिल्ली।** भारत सरकार पुराने सिम कार्ड को रिप्लेस करने की तैयारी कर रही है। यह कदम देश की प्रमुख साइबर सुरक्षा एजेंसी द्वारा की गई एक जांच के बाद सामने आया है, जिसमें यह खुलासा हुआ कि कुछ सिम कार्ड्स में प्रयुक्त चिपसेट्स चीन से आए थे।

### मंगलवार को राजधानी में हुई दुबई के क्राउन प्रिंस और रक्षा मंत्री की बैठक का निष्कर्ष

# रक्षा सहयोग को मजबूती देने के लिए भारत और यूएई सहमत

रक्षा मंत्री बोले, रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और विकास परियोजनाओं पर निकटता से काम किया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली


घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतीपूर्ण बने हुए सुरक्षा परिदृश्य के बीच मंगलवार को राजधानी में भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रियों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की एक अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों पक्ष रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन, सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और तकनीक जैसे क्षेत्रों में उत्सुकता के साथ निकटता से कार्य करने के लिए तैयार हैं।

शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन अल मकतूम और राजनाथ सिंह ने भारत और यूएई के बीच वर्तमान में संस्थागत तंत्र, सैन्य युद्धाभ्यासों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आदान-प्रदान से जुड़े रक्षा सहयोग को लेकर प्रसन्नता प्रकट की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के विजन और प्रतिबद्धता के तहत व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों की तर्ज पर रक्षा सहयोग को भी तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता जताई। रक्षा मंत्रालय ने बैठक के बाद एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर से भी हुई शेख हमदान मोहम्मद बिन अल मकतूम की मुलाकात

### रक्षा भागीदारी मंच का स्वागत किया

दोनों रक्षा मंत्रियों ने एक-दूसरे की प्रदर्शनियों, डिफेंस एक्सपो में तीव्र भागीदारी को स्वीकार व भारत-यूएई रक्षा भागीदारी मंच का स्वागत करते हुए कहा कि सामरिक संयुक्त वेंचर और सह-उत्पादन परियोजनाएं दोनों देशों के लिए लाभप्रद हैं।



### पीएम और विदेश मंत्री से हुई मुलाकात

बैठक के पूर्व में यूएई के क्राउन प्रिंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने हैदराबाद हाउस में उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया। एक्स पोस्ट में जयशंकर ने इसका उल्लेख करते हुए प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि हमारे व्यापक सहयोग और जीवंत संबंधों के लिए क्राउन प्रिंस की सकारात्मक भावनाओं की सराहना करता हूं। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर शेख अल मकतूम के सम्मान में एक विशेष लंच का आयोजन किया। पीएम ने एक्स पोस्ट में दुबई के क्राउन प्रिंस से मुलाकात को लेकर खुशी जाहिर की। साथ ही लिखा, दुबई ने भारत-दुबई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी यह विशेष यात्रा हमारी गहरी दोस्ती की पुष्टि करने के अलावा भविष्य में और अधिक मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है।

### शांति-समृद्धि को लेकर प्रतिबद्ध

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्राउन प्रिंस के साथ हुई बैठक को एक्स पोस्ट में सार्थक बताते हुए कहा, भारत के लिए यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यंत प्राथमिकता वाली है। आने वाले वर्षों में दोनों देश अपने रक्षा सहयोग को विस्तार से आगे बढ़ाने और क्षेत्र में शांति, समृद्धि की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत-यूएई ने वर्ष 2003 में रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जबकि 2017 में रक्षा उद्योग सहयोग को लेकर एक समझौता दोनों देशों के बीच हुआ था। जो कि शताब्दियों पुराने सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों के रूप में देखे जाते हैं।

### मेक इन इंडिया मेक इन एमिरेट्स अहम

मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और क्राउन प्रिंस शेख अल मकतूम ने बैठक में भारत के मेक इन इंडिया और यूएई के मेक इन एमिरेट्स जैसे कदमों पर ध्यान केंद्रित करने पर सहमति जताई। प्रशिक्षण आदान-प्रदान को दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया। जिसकी मदद से आपसी रक्षा इकोसिस्टम और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ता मिलती है। दोनों तटरक्षक बलों के बीच जारी तीव्र सहयोग को लेकर दोनों ने संतुष्टि जाहिर की और इसे और अधिक गहराई प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। रक्षा उद्योगों के बीच निकट सहयोग द्विपक्षीय सहयोग का अहम भाग होना चाहिए। उन्होंने रक्षा उद्योग के सहयोग को विस्तार देने और रक्षा मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भागीदारी से जुड़े अवसरों पर भी बैठक के दौरान विचार-विमर्श किया।

# मांडले में सेना के फील्ड अस्पताल में हुआ 200 से अधिक मरीजों का उपचार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पिछले मार्च महीने के अंत में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बीच मांडले में स्थापित किए गए सेना के फील्ड अस्पताल के जरिए तेजी से आपदा प्रभावितों का उपचार किया जा रहा है। अब तक कुल 258 लोगों का इलाज किया जा चुका है। जबकि प्रयोगशाला से जुड़ी हुई जांच का आंकड़ा 600 को पार कर 698 तक जा पहुंचा है। यह जानकारी सेना ने मंगलवार को दी। जिसमें बताया कि ऑपरेशन ब्रह्मा के जरिए म्यांमार को भारतीय सशस्त्र सेनाओं के जरिए जरूरी राहत एवं बचाव सहायता प्रदान की जा रही है। सेना का फील्ड अस्पताल भी इसी कवायद का अहम हिस्सा है।

### 1,370 को दी चिकित्सा सहायता

बीते महीने 28 मार्च को आई भूकंप की इस विनाशकारी प्राकृतिक आपदा के बाद से लेकर अब तक अस्पताल में कुल 1 हजार 370 लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। सेना इस मुश्किल समय में म्यांमार के लोगों को मदद प्रदान करने के लिए पूरी तरह से ⏩ शेष पेज 5 पर

# बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की बैठक आज काठमांडू में होगी, शिवराज लेंगे हिस्सा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की तीसरी बैठक आज बुधवार 9 अप्रैल को नेपाल में आयोजित की जा रही है। इसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड के कृषि मंत्रियों की भागीदारी होगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बैठक में शामिल होने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता करेंगे।

इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य बिम्सटेक देशों के बीच चल रहे कृषि सहयोग को और मजबूत करना है। विभिन्न सत्रों के दौरान भारत सहित अन्य सदस्य देशों के कृषि मंत्री, कृषि क्षेत्र में चल रहे सहयोगात्मक कार्यों की समीक्षा करेंगे। साथ ही, इन सदस्य देशों के क्षेत्र के करोड़ों किसानों को लाभान्वित करने के लिए नई और अभिनव तकनीकों को बढ़ावा देने तथा अपनी-अपनी सफलता की कहानियों के आदान-प्रदान के लिए आगे के दिशा-निर्देश निर्धारित करेंगे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ⏩ शेष पेज 5 पर

# इजराइल के कृषि मंत्री दिख्तर ने पूसा में विकसित संरक्षित खेती को देखा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और इजराइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री अवि दिख्तर ने मंगलवार को पूसा, दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के कृषि परिसर का दौरा किया। मंत्रियों और प्रतिनिधियों



को संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने आईएआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित संरक्षित खेती की तकनीकों और किस्मों के बारे में बताया और कहा कि ⏩ शेष पेज 5 पर

### सरकार पर जमकर बरसे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

# कांग्रेस की बढ़ेगी ताकत, धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति से मुकाबले का लिया संकल्प

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

यहां दो दिवसीय कांग्रेस अधिवेशन की शुरुआत मंगलवार को हुई। पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल मेमोरियल में आयोजित हुई, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी मौजूद रहे। खरगे ने कहा कि सत्तारूढ़ दल का धार्मिक ध्रुवीकरण और विभाजन की राजनीति का वह पटेल के मार्ग का अनुसरण कर मुकाबला करेगी। खरगे ने कहा कि यह साल महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी है। दिसंबर 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



मेरे गृह राज्य कर्नाटक के बेलंगाव कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष बने थे। गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया। दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल- ये सभी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। खरगे ने कहा कि गांधीजी ⏩ शेष पेज 5 पर

### साबरमती आश्रम में बिगड़ी पी. चिदंबरम की तबीयत

मंगलवार को गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी के सीनियर नेता और पूर्व



केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम की तबीयत अत्यधिक गर्मी की वजह से बिगड़ गई। पी. चिदंबरम गर्मी की वजह से साबरमती आश्रम में बेहोश हो गए, इसके तुरंत बाद उन्होंने एंबुलेंस से अस्पताल ले जाना पड़ा। हालांकि अब से कुछ देर पहले पी. चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम द्वारा एक्स पर पोस्ट कर कहा गया कि मेरे पिता ठीक हैं और डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं।

### जयपुर में हिट एंड रन केस

# कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ने कार से 9 को कुचला, 3 की हुई मौत

एजेंसी ⏭ जयपुर

यहां सोमवार रात को शराब के नशे में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उस्मान खान ने एसयूवी दौड़ाते हुए 9 लोगों को कुचल दिया। घटना में भाई-बहन सहित 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 लोग अब भी गंभीर घायल हैं। सरकार ने पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपए और संविदा पर नौकरी देने का ऐलान किया। वहीं, मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने उस्मान खान को जिला उपाध्यक्ष के पद से हटा दिया है। पुलिस के अनुसार सबसे पहले शहर की एमआई रोड पर कार के वाहनों को टक्कर



मारने की जानकारी मिली थी। इसके बाद कार शहर की तंग गलियों में घुस गई। एडिशनल डीसीपी (नॉर्थ) बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी ड्राइवर उस्मान खान ⏩ शेष पेज 5 पर

### विमान के पुराने होने की वजह से फ्रांस से कलपुर्जे मिलने में पैदा होती चुनौती

# क्या बालाकोट एयर स्ट्राइक के हीरो 'मिराज-2000' के लिए यूएई से मिलेंगे कलपुर्जे?

कविता जोशी ⏭ नई दिल्ली

वर्तमान में चीन और पाकिस्तान की सीमा से दो मोर्चों पर बढ़ते युद्ध के खतरे के बीच भारतीय वायुसेना के जंगी बेड़े में लड़ाकू विमानों की पर्याप्त संख्या यानी स्क्वाड्रन की खासी किल्लत बनी हुई है। कई विमान पुराने होने की वजह से सेवानिवृत्ति की कगार पर हैं तो कुछ के लिए रूस-यूक्रेन और पश्चिम-एशिया में इजरायल-हमास के बीच जारी लड़ाई की वजह से विमानों के अपग्रेडेशन के लिए जरूरी कलपुर्जों के आयात का संकट गहरा रहा है। इन सबके बीच दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान मोहम्मद बिन अल मकतूम की भारत यात्रा के बीच बड़ा सवाल यह है कि क्या वायुसेना के मिराज-2000 लड़ाकू विमानों की कलपुर्जों की समस्या का समाधान निकलेगा? सूत्रों ने बताया कि शेख अल मकतूम ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारत ने फ्रांस से खरीदे थे मिराज-2000



**29 स्क्वाड्रन में शामिल यह विमान**

आंकड़ों के हिसाब से वायुसेना के पास मौजूद लड़ाकू विमानों की 29 स्क्वाड्रन में मिग-21 बाइसन की 2, राफेल की 2, जगुआर की 3, तेजस की 2, मिराज-2000 की 3 और सुखोई-30-एमकेआई लड़ाकू विमानों की 15 स्क्वाड्रन शामिल हैं।

यूएई के पास मिराज विमानों की दो से अधिक स्क्वाड्रन हैं। भारत की वायुसेना के पास मिराज-2000 विमान की कुल 3 स्क्वाड्रन हैं और इनकी फ्रांस (डेसॉल्ट एविएशन कंपनी) से खरीद कर इन्हें वर्ष 1985 में वायुसेना में शामिल किया गया था। लेकिन अब इनके अत्यधिक पुराने होने की वजह से विमान के कलपुर्जे फ्रांस से मिलना मुश्किल हो रहा है। वहीं, भारत के मिराज की खूबियों पर एक नजर डालें तो यह चौथी पीढ़ी एक बहुआयामी लड़ाकू विमान है, जिसकी दुश्मन के लक्ष्य को नेस्तनाबूद करने की क्षमता अचूक है।

### वायुसेना को चाहिए 45 स्क्वाड्रन

सूत्रों ने बताया कि वायुसेना को दोनों मोर्चों पर युद्ध की चुनौती का सामना करने के लिए लड़ाकू विमानों की कुल स्वीकृत स्क्वाड्रन की संख्या 45 होनी चाहिए। इसमें से 42 तो उसके पास होनी ही चाहिए। लेकिन अभी वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कुल 31 स्क्वाड्रन ही मौजूद हैं। जबकि 11 स्क्वाड्रन की सीधी कमी बनी हुई है। इसके अलावा आने वाले समय में मिग-21-बाइसन की दो स्क्वॉड्रन सेवानिवृत्त हो जाएंगी। जिसके बाद बल के पास लड़ाकू विमानों की महज 29 स्क्वाड्रन ही रह जाएंगी। यहां बता दें कि वायुसेना के लड़ाकू विमानों की एक स्क्वाड्रन में कुल करीब 16 से 18 विमान होते हैं। इस हिसाब से 42 स्क्वाड्रन में 672 में से 756 विमानों की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है।




## चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

# महिला से आठ लाख की ठगी करने वाले रैकेट का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने फर्जी बैंक खाताधारकों और उनके आपूर्तिकर्ताओं के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों ने गत दिनों एक तलाकशुदा महिला से आठ लाखरुपये की वसूली की थी। जालसाजों ने मनी लॉड्रिंग का आरोप लगाकर महिला को लगातार 48 घंटे तक व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट कर यह वसूली की गई थी। इनके पास से धार कार भी जब्त की गई है। ग्रेटर कैलाश, कालकाजी और आर.के. पुरम में छापेमारी करने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता महिला लाहौरी गेट इलाके की रहने वाली है। 4 वर्षीय महिला प्राइवेट नौकरी करती है। उसने उत्तरी जिले के साइबर थाने में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया है कि उसे एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉलर ने खुद को दूरसंचार विभाग से बताया। कॉलर ने महिला को उसके नाम पर नकली सिम कार्ड का इस्तेमाल करने की बात कहीं। इसके अलावा उसे कुछ अज्ञात व्हाट्सएप नंबरों से वीडियो-कॉल किये गये। जिन्होंने खुद को ईडी और सीबीआई से बताया था। धोखेबाजों ने महिला को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उसकी संलिप्तता के बारे में धमकाया और उसे गिरफ्तार करने की धमकी दी। उन्होंने उसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय, ईडी, सीबीआई विभाग के लोगो आदि के नाम और मुहर का उपयोग करके उसके नाम पर जाली याचिकाओं की प्रतियां भी भेजी। जालसाजों ने केस से उसका नाम हटाने के एवज में उससे आठ लाख दस हजार रुपये ऐंठ लिए। ठगी का एहसास होने पर महिला ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान दक्षिण दिल्ली के विभिन्न स्थानों यानी जमरूदपुर, ईस्ट ऑफ कैलाश और ग्रेटर कैलाश आदि में आरोपियों के ठिकानों का पता लगाकर छापेमारी की गई। सबसे पहले तीन आरोपियों को पकड़ा गया। इनके नाम राजा मंडल (खाता धारक), तुषार थापा (खाता प्रदाता/एजेंट) और सौरभ तिवारी (खाता प्रदाता/एजेंट) पता चलें। तीन अप्रैल को आर.के.पुरम से एक अन्य आरोपी अनूप कुमार तिवारी को भी गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार सह-आरोपियों को पकड़ने की कोशिशें जारी है।

## चाकू के हमले में जख्मी युवती की हालत खतरे से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैंट इलाके में रविवार रात एक बस स्टॉप पर सरेआम चाकू से ताबड़तोड़ वार में घायल 17 वर्षीय नाबालिग लड़की की हालत अब खतरे से बाहर है। पीड़ित लड़की को आईसीयू से स्थानांतरित किया गया है। पुलिस अब उसका बयान दर्ज करने का प्रयास करेगी। पुलिस का कहना है कि हमने युवती का पहले भी बयान दर्ज किया था, लेकिन वह काफी समय तक होश में नहीं थी। अब हम उसके ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। जब वह ठीक से बात करने की स्थिति में आ जाएगी तो दोबारा उसका विस्तृत बयान दर्ज किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार नाबालिग लड़की पर अमित (20) ने शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर चाकू से हमला किया था। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें युवक और युवती दोनों खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे बैठे दिखाई दे रहे हैं। पुलिस की तहकीकात में पता चला कि दोनों पिछले साल से दोस्त थे। लेकिन किन्हीं कारणों से आजकल लड़की अमित से दूरी बना रही थी। इस वारदात के बाद आरोपी युवक ने खुद को भी घायल कर लिया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी की हालत अभी भी गंभीर है। अभी तक उसका बयान भी दर्ज नहीं किया जा सका है। एक बार जब वह खतरे से बाहर आ जाएगा तो हम उससे पूछताछ करेंगे। यह वारदात रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे सामने आई थी। एक राहगीर ने पुलिस को मामले की सूचना दी थी। उसने लड़की को अस्पताल में भर्ती कराने का भी प्रयास किया था। लड़की की गर्दन और पेट के बायें हिस्से में गंभीर जख्म आये है।



- रविवार रात बस स्टॉप पर किये गये थे चाकू से वार
- शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर दिया वारदात को अंजाम
- पुलिस युवती के बयान का कर रही इंतजार

## आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने वाले छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों पर सट्टा लगाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये पहाड़गंज से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लक्ष्मी नारायण स्ट्रीट स्थित एक परिसर में छह अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गये मैच पर कथित तौर पर सट्टा लगा रहे थे।

पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कथित परिसर पर छापा मारा था। सटोरिये लैपटॉप और मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर सट्टा लगा रहे थे। छापे के दौरान सट्टा रिकॉर्ड करने के लिए इस्तेमाल में लाये जा रहे पांच मोबाइल फोन, एक टैबलेट, एक लैपटॉप और कई नोटबुक जब्त किए गए। पकड़े गये लोगों के नाम विजय (35), भरत (35), मोहित (29), कुशाग्र (30), पुलकित (30) एवं गगन (26) है। सभी छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि विजय इस गोरखधंधे का सूत्रधार है, जबकि संपत्ति के मालिक मोहित को मुनाफे में 20 प्रतिशत हिस्सा मिलता था। अन्य लोग वेतनभोगी कर्मचारी थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

## बहन के प्रेमी की चाकुओं से गोदकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



गोकलपुरी इलाके में सोमवार रात तीन भाइयों ने अपनी बहन के प्रेमी की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी। मृतक का नाम हिमांशु बताया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार हिमांशु अपने परिवार के साथ गोकलपुरी की संजय कॉलोनी में रहता था। परिवार में पिता योगेंद्र, मां लक्ष्मी और दो भाई हैं। परिजनों ने बताया कि हिमांशु पिछले चार साल से गली में रहने वाली एक दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम करता था। सूत्रों ने बताया कि करीब पांच महीने पहले हिमांशु लड़की को लेकर कहीं चला भी गया था। दोनों परिवारों ने उन्हें ढूंढ लिया था। दोनों परिवारों के बीच यह बातचीत भी हुई थी कि हिमांशु लड़की से बात नहीं करेगा। आरोप है कि सोमवार को भी हिमांशु और युवती एक साथ घर से निकले थे। लड़की को उसके परिजनों ने बरामद कर लिया था। लड़की के भाई शाहरुख और साहिल व एक अन्य शख्स ने मिलकर हिमांशु को उसके घर के पास घेर लिया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किए। पुलिस ने फिलहाल शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया है। वह जम्मू-कश्मीर भागने की तैयारी में था। अन्य दो आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

## ट्रांसजेंडर के तौर पर रह रहे पांच अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी पकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में ट्रांसजेंडर के तौर पर अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी प्रवासियों को जहांगीरपुरी से गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी मोहम्मद शकीदुल (24), मोहम्मद दुलाल अख्तर उर्फ हजरा बीबी (36), मोहम्मद अमीरुल इस्लाम उर्फ मोनिका (31), मोहम्मद माहिर उर्फ माही (22) और सद्दाम हुसैन उर्फ रुबीना (30) सभी जन्म से पुरुष हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने अपनी शारीरिक बनावट बदलने और ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों का रूप धारण करने के लिए कथित तौर पर छोटी-मोटी सर्जरी करवाई और हार्मोन के इंजेक्शन लिए। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये बांग्लादेशी ट्रैफिक सिग्नल पर भीख मांगने और अन्य गतिविधियों में शामिल पाए गए। पुलिस ने एक बयान में बताया कि उनके (बांग्लादेशियों के) पास से सात मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनमें सभी में प्रतिबंधित आईएमओ ऐप था और इस ऐप का इस्तेमाल वे बांग्लादेश में अपने परिवारों से बातचीत करने के लिए करते थे। पुलिस के मुताबिक, अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को एक सप्ताह तक निगरानी के बाद सोमवार को जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि पांचों आरोपी दरियागंज इलाके में रहते थे और एजेंटों की मदद से अवैध रूप से भारत में घुसे थे। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने (बांग्लादेशियों ने) खुलासा किया कि वे खुली सीमाओं के माध्यम से भारत में घुसे, ट्रेन से दिल्ली पहुंचे और सर्जरी व हार्मोन उपचार के माध्यम से महिला पहचान अपनाकर ट्रांसजेंडर बन गए। पुलिस ने बताया कि पांचों को निर्वासन कार्यवाही के लिए आरकेपुरम स्थित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया और मामले की जांच जारी है। इससे पहले, पुलिस ने 27 मार्च को ऐसे ही छह बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा था, जो पुलिस से बचने के लिए ट्रांसजेंडर का वेश धारण किये हुए थे।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से बच्चा घायल




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के द्वारका के बाबा हरिदास नगर इलाके में एक 'स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल' (एसयूवी) की टक्कर से सात वर्षीय बच्चा घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद बाबा हरिदास नगर पुलिस थाने की एक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और पाया कि सैनिक एन्क्लेव निवासी बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बच्चे की हालत स्थिर है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वाहन को जब्त कर लिया गया है। चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कार में मिला ट्रांसपोर्ट कारोबारी का जला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- कापसहेड़ा थाना इलाके के बिजवासन की घटना

कापसहेड़ा थाना इलाके के बिजवासन रोड फ्लाईओवर के पास सोमवार देर रात एक कार में आग लग जाने के बाद 42 वर्षीय ट्रांसपोर्ट कारोबारी जिंदा जल गया। कार से उसका शव मिला पूरी तरह से जला हुआ मिला। बाद में मृतक की पहचान गुरुग्राम के पालम विहार क्षेत्र निवासी संदीप के रूप में हुई। वह दिल्ली के आर. के. पुरम में 'टैक्सी ट्रांसपोर्ट' का व्यवसाय करता था और घटना के समय अपने कार्यालय से घर लौट रहा था। पुलिस के अलावा फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर जांच पड़ताल करवाई गई। घटनाक्रम जानने के लिए पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है।

अग्निशमन विभाग को इस घटना की सूचना सोमवार रात करीब 10 बजकर 32 मिनट पर मिली। दमकल के दो वाहनों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और रात 11 बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। दमकल अधिकारी ने कहा कि आग बुझाने के बाद दमकल व पुलिसकर्मियों को वाहन के अंदर से एक व्यक्ति का शव मिला जो पूरी तरह जला हुआ था। कार टोयोटा ग्लैंजा बताई गई है। प्रारंभिक जांच में पता लगा है कि कार बिजवासन फ्लाईओवर से द्वारका एक्सप्रेसवे की ओर जा रही थी। वाहन के पंजीकरण विवरण की मदद से मृतक के परिजन को मौके पर बुलाया गया।

## डीडीए की जमीन पर कब्जा हुआ तो संबंधित अधिकारी की खैर नहीं : सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों पर एलजी की चाबुक चली है। अब उन अधिकारियों की खैर नहीं जिनके रहते उनके क्षेत्र में डीडीए की जमीन पर अवैध कब्जा हो जाता है। अब ऐसे अधिकारियों को नौकरी से हाथ तो धोना ही पड़ेगा बल्कि विभागीय कार्रवाई के अलावा पुलिस में आपराधिक मामले के तहत एफआईआर दर्ज होगी। इस मामले पर कड़ा रूख अपनाते हुए एलजी सक्सेना ने मंगलवार को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि भविष्य में डीडीए की जमीन पर, नए सिरे से अतिक्रमण या दोबारा अतिक्रमण हुआ तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। राजनिवास की तरफ से बताया गया कि दोषी अधिकारी के निलंबन और विभागीय जांच की सामान्य प्रक्रिया के अतिरिक्त उस पर आपराधिक मामले के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। वहीं एलजी सक्सेना ने मयूर नेचर पार्क प्रोजेक्ट से जुड़े डीडीए स्टाफ, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को एक मामले में निलंबित कर दिया है। साथ ही एलजी ने डीडीए उपाध्यक्ष को सात दिनों के अंदर जांच और उन पर की गई कार्रवाई को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया है। एलजी ने कहा कि पुस्ता रोड, मयूर विहार फेज-1 से एनएच-24 के पास डीडीए की जमीन पर फिर से अतिक्रमण होना बेहद चिंताजनक मामला है। राजनिवास द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एलजी ने सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से डीडीए की जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ, एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। यह कदम सक्सेना द्वारा मयूर विहार फेज-1 से एनएच-24 तक पुस्ता रोड के पास डीडीए की जमीन पर दोबारा हुए अतिक्रमण मामले में, फील्ड स्टाफ को तत्काल निलंबित करने के आदेश के मद्देनजर उठाया है। निलंबित किए गए कर्मचारियों में मयूर नेचर पार्क प्रोजेक्ट के लिए जिम्मेदार सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता भी शामिल हैं। इन अधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 198, 223, 316 और 318 के साथ-साथ, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), 1988 की धारा 13 के तहत भी एफआईआर दर्ज की जाएगी। जवाबदेही सुनिश्चित करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई को सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त, इस मामले में डीडीए कर्मियों और बाहरी लोगों की मिलीभगत और संभावित आपराधिक साजिश का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा गतका के मुकाबलों में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने राष्ट्रीय खेलों, खेलो इंडिया और दिल्ली खेलों के दौरान गतका मुकाबलों में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों और धर्म प्रचार मुखी जसप्रीत सिंह कर्मसर संयुक्त रूप से सभी खिलाडियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि गुरु साहिब जी ने मल्ल अखाड़े की शुरुआत करवाई थी जिसके बाद गतका खेल की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि आज हमारी सिख कौम के बच्चे इन गतका मुकाबलों में सिर्फ प्रदेश या देश स्तर ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मेडल जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह सरदार जोरावर सिंह, सुरिंदर पाल सिंह हस्पाल और उनकी पूरी टीम को बधाई देना चाहते हैं जो इस काम में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि चाहे खेलो इंडिया हो, राष्ट्रीय खेल हो या दिल्ली के खेल, इन खिलाड़ियों ने इन सभी में मेडल जीते हैं और ऊंचाइयां हासिल की हैं। आज गतका का नाम ऊंचा होने में इनका बहुत बड़ा योगदान है। यह बहुत गर्व की बात है कि सिख कौम के पारंपरिक खेल गतका की चर्चा आज पूरी दुनिया में हो रही है। उन्होंने कहा कि गतका एक मार्शल आर्ट है जिसे गुरु साहिबानों ने हमें बख्शीश दी है और जो व्यक्ति गतका सीखता है, वह अपनी स्व-रक्षा में भी निपुण होता है। यह लोग हमें हमारे पारंपरिक खेल से भी जोड़ रहे हैं जो गुरु साहिब ने स्व-रक्षा के लिए शुरू किया था। उन्होंने कहा कि आज खालसा कौम की इस मामले में चढ़ती कला यह खेल प्रतीक है।

## दिल्लीवालों से यूजर चार्ज मामले में आमने- सामने आप-भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- भाजपा ने दिल्लीवालों को लूटने का काम शुरू कर दिया : पाठक
- नेता विपक्ष ने महापौर महेश कुमार और आप सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

दिल्लीवासियों से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा यूजर चार्ज वसूलने के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा मंगलवार को आमने - सामने नजर आई। आप नेताओं ने निगम आयुक्त से कूड़ा उठाने की एवज में दिल्लीवालों से यूजर चार्जेज लेने के लिए जारी अधिसूचना को तत्काल वापस लेने की मांग की है। वहीं, निगम के नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ पार्षदों ने एमसीडी मुख्यालय में महापौर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर दिल्ली के नागरिकों पर लगाए गए यूजर चार्ज का विरोध किया है और दोनों ही उक्त दलों के नेताओं ने यूजर चार्ज को वापस लेने को लेकर जनता के हित में सड़क पर उतरने की बात कही है।

बता दें कि आप के वरिष्ठ नेता व एमसीडी में प्रभारी दुर्गेश पाठक ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि जब से भाजपा दिल्ली की सत्ता में आई है, तब से दिल्लीवालों को लूटने का काम शुरू कर दिया है। सबसे पहले इन्होंने बिजली काटनी शुरू की और बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचाना शुरू किया। दुर्गेश पाठक ने बताया कि महापौर ने निगम आयुक्त को विस्तृत आदेश दिया है कि वो तत्काल यूजर चार्जेज की अधिसूचना को वापस लेकर इसे निरस्त करें। लेकिन अफसर बता रहे हैं कि हाउस टैक्स के जरिए यूजर चार्जेज को लागू करने के लिए भाजपा का उन पर बहुत दबाव है। भाजपा ने सत्ता में आते ही लूट शुरू कर दी है। पहले लंबे-लंबे पॉवर कट शुरू किए और निजी स्कूलों में फीस वृद्धि करने के बाद अब इनकी नजर एमसीडी पर है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर यूजर चार्ज लेने का आदेश वापस नहीं होता है तो आम आदमी पार्टी पूरी दिल्ली में आंदोलन कर भाजपा की साजिश को बेनकाब करेगी।

दूसरी तरफ, निगम के नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ पार्षदों ने एमसीडी मुख्यालय में महापौर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर दिल्ली के नागरिकों पर लगाए गए यूजर चार्ज का विरोध किया है।

## होली पर बेहरमी से पिटाई के चार आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में होली पर एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार शाम कई जगहों पर छापेमारी करने के बाद अनिल (34), राहुल (24), चंदू लाल (58) और अशोक कुमार (58) को गिरफ्तार किया गया। मामले में पिछले सप्ताह चार अन्य आरोपियों सुनील, दीपक, अमित और एक नाबालिग पकड़े जा चुके थे। पुलिस के मुताबिक मामला 14 मार्च को होली के दिन सामने आया था। मामूली बहसबाजी के बाद अजय खत्री (30) नाम के व्यक्ति पर हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल खत्री को बीजेआरएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ घर पर होली मना रहा था कि तभी उसका पड़ोसी व एक नाबालिग के बीच झगड़ा हो गया। लगभग 15 से 20 मिनट बाद चाकू, डंडे और ईंटों से लैस लोगों का एक समूह उसके घर के बाहर इकट्ठा हुआ। ग्रुप ने खत्री पर हिंसक हमला किया। अशोक कुमार ने कथित तौर पर ईंट फेंकी, जो खत्री के सिर पर लगी और वह बेहोश हो गया था। अन्य हमलावरों ने भी ईंटों और डंडों से उस पर प्रहार किया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। सोमवार शाम कई जगह छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हमले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।


**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | TENDER NOTICE NO : 69/CCR/2024-25 | सेंट्रल स्टोर यूएचबीवीएन रोहतक में चार दिवारी का निर्माण समय निम्नानुसार, बंद होने की तिथि 15/04/2025 तक बढ़ा दिया गया है। खुलने की तिथि 15/04/2028 अप. 1.00 बजे तक | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xencwinchtak@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | NIT NO. FA/COLLECTION/ UH/11/2 025 DATED 03.03.2025 | यूएचबीवीएन पर प्रीपेड मॉड्यूल पर एनर्जी बिल एकत्र करने हेतु भारत कनैक्ट (पूर्ववर्ती भारत बिल पेमेंट सिस्टम-बीबीपीएस) भारत कनैक्ट आउस (पूर्ववर्ती भारत बिल पेमेंट) सिस्टम-बीबीपीएस प्रचालन इकाइयां -बीबीपीओयूएस) की नियुक्ति-निविदा के बंद होने की तिथि 21/04/2025 को 1.00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.uhbvn.org.in | 9569666604 aocollectionuhbvnfgr @uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2026/40/33736/I/88/7 दि. 08.04.25


## सिर्फ आप अपने कर्मों से हैं खुश और दुखी : श्री प्रज्ञा सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



हमारा देश धर्म प्रधान और कृषि प्रधान है इसलिए यह सोने की चिड़िया है। अगर आप खुश हैं, दुखी हैं, अमीर है या ग़रीब है तो सिर्फ़ आप अपने कर्मों से हैं इसलिए कर्म बेहतर होना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। भगवान महावीर के 2550वें निर्वाणोत्सव एवं 2624वें जन्म कल्याणक वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा तीर्थंकर भगवान महावीर गाथा के आयोजन पर राष्ट्र संत परंपराचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर मुनिराज ने यह संबोधन दिया। इस अवसर पर राष्ट्र संत परंपराचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर मुनिराज ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को एक सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें 'दिल्ली का गौरव' संज्ञा से सम्मानित किया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, वी सतीश, कार्यक्रम के संचालक पंकज जैन, प्रवीण जैन, कैलाश जैन, निर्मल जैन, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रदेश मंत्री सारिका जैन, सह कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में जैन अनुयायी और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष के नाते मैं यह कह सकता हूँ कि समाज के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बताए रास्ते के बाद हम समाज के कल्याण के लिए लगातार काम करते रहेंगे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अंबाला | हरियाणा विधानसभा चंडीगढ़ में लैन प्रणाली हेतु 3 लेयर स्वीच का प्रावधान | 07.04.2025 16.04.2025 | 95.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फरीदाबाद | फतेहाबाद जिले में गांव काजलहेड़ी में राजकीय पशु चिकित्सालय अस्पताल का निर्माण | 07.04.2025 15.04.2025 | 33.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | हरियाणा राज्य करनाल जिले में यमुना नदी में उत्तर प्रदेश-हरियाणा बॉर्डर पर बाउंड्री पिल्लर का निर्माण | बंद होने की तिथि 17.04.2025 | 559.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा करनाल | कलसोरा परिसर में 7 अदद पुराने क्षतिग्रस्त स्टोन स्टर्ड और 400 फुट नए स्टोन रिवेटमेंट आबादी क्षेत्र को बाढ़ 2024 से बचाने के लिए सुरक्षा की आपूर्ति + 6 कार्य | 07.04.2025 15.04.2025 | 1486.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा जगाधरी | गांव आर्यवाला से नग्गल नाला तक गांव आबादी और कृषि भूमि को बचाने के लिए 2000 फुट स्टोन स्टेनिंग की आपूर्ति + 31 कार्य | 07.04.2025 15.04.2025 | 1817.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenwsjgd1@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखीदादरी | गांव बास ब्लॉक बोंद कलां जिला चरखी दादरी में फिरनी की पेवमेंट (जयप्रकाश पुत्र बनारसी से पिलाना रोड तक) | 04.04.2025 15.04.2025 | 42.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/120/33739/I/88/7 दि. 08.04.25

### रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में विकास कार्यों किया उद्घाटन

# झुग्गीवालों को मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं, सीएम ने 700 करोड़ की योजना का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए विकास कार्यों का निरीक्षण कर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार झुग्गीवासियों को सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष के बजट में झुग्गी के विकास के लिए डूसिब को 700 करोड़ रुपए का विशेष फंड आवंटित किया गया है, जो सिर्फ झुग्गियों के समग्र विकास पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज के इस दौरे में शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जल, सड़क, स्वच्छता, शहरी विकास, नाला प्रणाली, विद्युत एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही पूरे हुए विकास कार्य का उद्घाटन किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य जनता की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से जानकर तुरंत समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी, डीजेबी, एमसीडी, डीडीए, आईएफसीडी और टाटा पावर लिमिटेड सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें।

सीएम रेखा गुप्ता ने इस मौके पर बताया कि शालीमार बाग के नागरिकों को आज जो विकास कार्य समर्पित किए जा रहे हैं, वे एक समृद्ध और विकसित दिल्ली की दिशा में हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संकल्प है कि दिल्ली के हर गली-मोहल्ले तक विकास पहुंचे, ताकि यहां का हर नागरिक एक बेहतर, सुंदर और सुविधाजनक जीवन जी सके।

सीएम रेखा गुप्ता ने विभिन्न विकास कार्यो के बारे में बताया कि सिंगलपुर चौक में पीडब्ल्यूडी द्वारा ज्ञान शक्ति रोड पर सेंट्रल वर्ज के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिससे यातायात नियंत्रण और सौंदर्यीकरण में सुधार होगा। बीसी (ईस्ट) डीजेबी यूजीआर में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा नई जल पाइपलाइन बिछाई गई है, जिससे क्षेत्र में जलापूर्ति और जल दबाव में सुधार होगा। साथ ही बीसी (ईस्ट) में एमसीडी द्वारा दो नई लेनों (एच नंबर 17 से 32 और 49 से 64) का निर्माण कार्य पूरा किया गया, जिससे आवागमन और सुरक्षा बेहतर होगी। बीसी (ईस्ट) और बीबी (ईस्ट) ब्लॉक में पीडब्ल्यूडी द्वारा स्थानीय निवासियों के लिए स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं।

#### डूसिब द्वारा 40 लेन का निर्माण कार्य पूरा कर जनता को किया समर्पित

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार झुग्गीवासियों को हर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए कटिबद्ध है। पिछली सरकारों ने झुग्गी में रहने वाले लोगों की कभी वास्तविक चिंता नहीं की, उन्हें केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया गया। लेकिन अब दिल्ली सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जमीनी स्तर पर असल बदलाव लाने के लिए कार्य शुरू कर रही है। आज हमने आयुर्वेदिक कैंप में डूसिब द्वारा 40 लेन में नए निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित किये। साथ ही हमारी सरकार झुग्गी निवासियों के लिए एक विशेष योजना लेकर आई है, जिसके तहत उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत उन्हें बेहतर बुनियादी सुविधाएं जैसे पक्की सड़कें, जल निकासी की व्यवस्था, बच्चों के लिए खेलने के पार्क, बेटियों की शिक्षा के लिए स्कूल, और शुद्ध जल की उपलब्धता दी जाएगी।

### मौसम का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार, सूरज ने उगली आग, पारा पहुंचा 41 डिग्री पार

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे दिन सूरज के आग उगलने के चलते दिल्ली में अधिकतम तापमान



बढ़कर 41 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं दिन में चली हीटवेव ने लोगों को बुरी तरह परेशान कर दिया, यह सिलसिला अभी बुधवार को भी जारी रह सकता है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार मंगलवार को दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 5.9 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 22.4 सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.4 डिग्री ज्यादा है। लेकिन राहत की बात है कि मौसम का मिजाज बदलेगा और गुरुवार से अगले दिन दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं गुरुवार व शुक्रवार को लगभग 30-40 किमी प्रति घंटा की गति से तेज हवाएं चलेगी जो काफी हद तक राहत प्रदान करने में सहायक होगी। आईएमडी ने पूर्व में ही हीटवेव को लेकर तीन दिन के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया था, जो सही साबित हुआ। ताजा अनुमान में आईएमडी ने कहा है कि बुधवार को भी दिल्ली एनसीआर वालों को हीट वेव की मार सहनी पड़ेगी। पारा भी 41 डिग्री तक पहुंच सकता है, लेकिन आसमान पर बादल आते जाते दिखाई दे सकते है। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार व शनिवार को दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। जिसके साथ ही पारे में गिरावट से भी दिल्ली वालों को राहत की उम्मीद की जा सकती है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे अधिकतम तापमान नजफगढ़ में 41.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि आया नगर में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## अदिति महाविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के बवाना स्थित अदिति महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लेकर अपनी आवाज़ बुलंद की। एबीवीपी दिल्ली की प्रदेश सह-मंत्री अपराजिता ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रदर्शन कॉलेज प्रशासन की लापरवाही और छात्रहितों के प्रति उसकी बेरुखी के विरुद्ध किया गया, ताकि छात्राएं अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की अनदेखी के खिलाफ एकजुट होकर विरोध दर्ज करा सकें। इस विरोध प्रदर्शन में एबीवीपी की दिल्ली प्रदेश सह-मंत्री अपराजिता, अदिति महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष ऋषिता, इकाई मंत्री आयुषी एवं छात्र संघ की केंद्रीय पार्षद साक्षी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अदिति महाविद्यालय की छात्राओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तबतक एबीवीपी का विरोध निरंतर जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी ने जिन समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, उनमें तीन महीने से बंद पड़ी कॉलेज कैंटीन, खराब पड़े वाटर कूलर, लगातार निष्क्रिय एग्जाम पोर्टल, अब तक वितरित न किए गए आई-कार्ड, कक्षाओं में पंखों और बिजली की अनुपलब्धता, गर्ल्स कॉमन रूम की दुर्व्यवस्था, कॉलेज परिसर के बाहर बढ़ती 'ईव-टीसिंग' की घटनाएं और प्रशासन द्वारा छात्रों से किया जा रहा अभद्र व्यवहार शामिल हैं।

### अपनी सांसद निधि से बिंदापुर वृद्धा आश्रम में करवाऊंगी सुविधाएं मुहैया : मालीवाल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को दिल्ली के बिंदापुर स्थित वृद्धा



आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा की है कि वह अपनी सांसद निधि से इस आश्रम में सुविधाएं मुहैया करवाएंगी। उन्होंने यह घोषणा सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर की अपनी पोस्ट में की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि दिल्ली के बिंदापुर में स्थित वृद्धा आरम में कुछ वक्त देवतुल्य बुजुर्गों में साथ गुजारा और उनका हाल चाल जाना। उन्हें जो जो अन्य सुविधाओं की ज़रूरत है वो अपनी सांसद निधि से मुहैया करवाऊंगी। इस दौरान स्वाति मालीवाल ने वृद्धा आश्रम में मौजूद महिलाओं से बातचीत की। वहीं उन्होंने वृद्धा आश्रम में दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता भी चेक की।

## मिश्रा ने खजूरी चौक के पास यातायात सुगम बनाने के दिए निर्देश

### संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी के साथ खजूरी चौक इलाके का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के सांसद मनोज तिवारी और घोंडा क्षेत्र से विधायक अजय महावर के साथ खजूरी चौक के आसपास के इलाके का दौरा किया। इस दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने अधिकारियों को खजूरी चौक के पास यातायात को तेज और सुगम बनाने और सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। वहीं मंत्री कपिल मिश्रा नेखजूरी पुलिस स्टेशन और सभापुर इलाके में जगह जगह हो रहे जलभराव की समस्या का भी तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले लम्बे समय से ये क्षेत्र भयंकर ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण और जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। निरीक्षण के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि सरकार लोगों की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है। ट्रैफिक जाम, जलभराव और खराब सड़कों की समस्याओं को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के विकास में जनता का सहयोग भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी महत्वपूर्ण सड़कों की स्थिति की रिपोर्ट जल्द तैयार करें और विकास कार्यों की गति बढ़ाएं। इससे पहले भी फरवरी माह के अंत में कपिल मिश्रा ने खजूरी चौक का दौरा किया था और वहां की समस्याओं को करीब से समझा था। आज उन्होंने एक बार फिर अधिकारियों के साथ ट्रैफिक जाम और टूटी सड़कों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनता को खराब सड़कों से निजात दिलाना दिल्ली सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। मंत्री ने अधिकारियों को टूटी-फूटी सड़कों को तुरंत दुरुस्त करने के स्पष्ट निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने जोर देकर कहा कि सीवर और पानी जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान अविलंब किया जाए। सरकार की प्राथमिकता है कि दिल्ली को स्वच्छ, सुन्दर और विकसित बनाया जाए।

### मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरु तेग बहादुर मेमोरियल का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** पिछली सरकार की उपेक्षा के कारण गुरु तेग बहादुर मेमोरियल स्मारक दयनीय स्थिति में पहुंच गया है। आप सरकार ने इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए एक रुपया भी खर्च नहीं किया। यह मात्र लापरवाही नहीं बल्कि सिख भावनाओं का जानबूझकर किया गया अपमान है। यह बातें मंगलवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सिंघु बॉर्डर स्थित गुरु तेग बहादुर मेमोरियल का दौरा करने के दौरान कही। इस दौरान उनके साथ कला, संस्कृति व पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा थे। निरीक्षण के बाद मंत्री सिरसा ने कहा कि 11.87 एकड़ में फैले गुरु तेग बहादुर मेमोरियल की दयनीय स्थिति देखकर मेरा मन अत्यंत व्यथित और क्षुब्ध है। 'हिंद दी चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब को समर्पित यह पवित्र स्थल आज टूटा-बिखरा, उपेक्षित और भुलाया हुआ नजर आता है। जो स्थान गौरव और श्रद्धा का प्रतीक होना चाहिए था, वह आज पिछली सरकार की उपेक्षा के कारण दयनीय स्थिति में पहुंच गया है। अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने बार-बार सिख भावनाओं का सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया है, लेकिन इस पवित्र मेमोरियल के संरक्षण के लिए कभी कोई ठोस प्रयास नहीं किया।




### आशीष सूद ने पटपड़गंज विधानसभा के चार स्कूलों का किया निरीक्षण

# जर्जर बिल्डिंगों में चल रहे सरकारी स्कूल, खामियां मिलने पर शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के पटपड़गंज इलाके में सन 1960 में बनी जर्जर बिल्डिंगों में सरकारी स्कूल चल रहे हैं। जिनमें दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे ही चार सरकारी स्कूलों का निरीक्षण मंगलवार को शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने किया। दौरे के दौरान स्कूलों में खामियां मिलने पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि विधायक रवींद्र सिंह नेगी की शिकायत पर मंगलवार को शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पटपड़गंज के चार स्कूल सर्वोदय कन्या विद्यालय, मयूर विहार फेस-2,पॉकेट बी, सर्वोदय कन्या विद्यालय, मंडावली नंबर-1, सर्वोदय कन्या विद्यालय, मंडावली नंबर-3 और राजकीय सह शिक्षा सर्वोदय विद्यालय, वेस्ट विनोद नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके साथ शिक्षा निदेशक, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री ने सर्वोदय कन्या विद्यालय, मंडावली नंबर-1 के निरीक्षण के दौरान पाया कि इस स्कूल की बिल्डिंग भी खतरनाक घोषित हो चुकी हैं। मंत्री को स्कूल की प्रिंसिपल ने बताया कि यह बिल्डिंग साल 1960 में बनी थी। 1800 बच्चों के इस स्कूल के सभी कमरों में बारिश के दिनों में लिकेज की गंभीर समस्या हो जाती है। जिसके कारण बाथरूम के साथ एक-दो कमरे की छतें भी टूटकर गिर चुकी है। तब से लेकर कई बार इस बिल्डिंग के पुनर्निर्माण के लिए लिखा जा चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रिंसिपल ने यह भी बताया कि इस स्कूल के मल्टीपरपज हॉल में बारिश के दिनों में तीन से चार फीट तक पानी भर जाता है, जिससे स्कूल में बिजली का करंट फैलने का खतरा मंडराता रहता है। मंत्री ने मल्टी परपज हॉल की मरम्मत या नया बनाने के लिए शिक्षा निदेशक और पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर को निर्देश दिया कि एक हफ्ते के भीतर इसके पुनर्निर्माण के लिए कार्य योजना बनाए और शिक्षा निदेशक को प्रस्तुत करें। शिक्षा मंत्री ने स्कूलों के निरीक्षण के दौरान पाया कि पटपड़गंज इलाके के चारों स्कूलों की बिल्डिंग के कई कमरे बेहद जर्जर और खतरनाक हालत में हैं। स्कूलों के कमरे की छतें लोहे के गार्डर और पत्थर डालकर बनाई गई हैं। जो कभी भी गिर सकती हैं और जिनसे दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। राजकीय सह शिक्षा सर्वोदय विद्यालय, वेस्ट विनोद नगर स्कूल की लाइब्रेरी का कमरा बेहद छोटा और पुराना है। इस कमरे में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर तक नहीं है। सुविधाओं के अभाव में बच्चे भी लाइब्रेरी में पढ़ने नहीं आते हैं। मंत्री ने स्कूल की प्रिंसिपल को आदेश दिया कि इस पर तुरंत कार्रवाई की जाए। वहीं इसी स्कूल में दो कमरे बेहद जर्जर हालात में होने के चलते स्थाई रूप से बंद कर दिए गए हैं। जब मंत्री ने स्कूल के प्रिंसिपल से इसके बारे में पूछताछ की तब पता चला कि इन दोनों कमरे की छतें पुरानी होने के कारण कभी भी टूटकर गिर सकती हैं। दोनों कमरों के दरवाजे और खिड़कियां भी टूटी हुई मिली।

#### स्कूलों में नलों की टोटियां गायब, बच्चों के लिए पीने का साफ पानी नहीं था उपलब्ध

शिक्षा मंत्री सूद ने बताया कि स्कूलों में बच्चों के लिए पीने का साफ पानी और साफ-सुथरे शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा तक नहीं है। कई स्कूलों में निरीक्षण के दौरान नल की टोटी तक गायब मिली। सर्वोदय कन्या विद्यालय, मयूर विहार फेस-2,पॉकेट बी के स्कूल के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बच्चों के दिए जाने वाले मिड डे मील की भी जांच की और खामियां मिलने पर प्रिंसिपल को आदेश दिए की इसकी गुणवत्ता में तत्काल प्रभाव से सुधार किया जाए। मंत्री ने कई जगहों पर निरीक्षण के दौरान देखा कि स्कूलों में टीचरों की संख्या या तो बेहद कम हैं या फिर टीचर समय पर नहीं आ रहे हैं। और कई स्कूलों में कक्षा के हिसाब से बच्चे क्षमता से बेहद ज्यादा हैं। जिससे उनको ठीक तरह से बैठने की जगह भी नहीं मिल पाती है।

## खबर संक्षेप

### आठ हजार की मंथली लेते हवलदार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए हवलदार को बल्लभगढ़



के एल्सन चौक पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ टैंकर चालक ने शिकायत दर्ज कराई थी। अजीत ने विजिलेंस को दी शिकायत में कहा कि अपनी पानी का टैंकर लेकर एल्सन चौक से निकलता है तो वहां तैनात हवलदार रणवीर उससे खर्चे के रूप में रुपए मांगता है।

### साइबर अपराध के बारे में छात्रों को किया जागरूक

**फरीदाबाद।** महिला थाना सेंट्रल की टीम ने डीपीएस स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



कर छात्रों को जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को फरीदाबाद पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध वुमेन सेफ्टी फीडबैक फार्म बारे बताया गया, साथ ही सेफ सिटी कार्यक्रम के तहत रात्रि में जरूरतमंद महिलाओं को सुरक्षित उनके गंतव्य स्थान पर छोड़ने बारे जानकारी दी।

### नशा मुक्ति कैंप लोगों को किया जागरूक

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशे के संबंध में लोगों को जागरूक करने कार्यक्रम किए जा



रहे हैं, इसी क्रम में थाना कोतवाली की टीम ने मनोरोग विभाग, सिविल अस्पताल के साथ मिलकर एसी नगर में नशा मुक्ति कैंप का आयोजन किया।दरअसल युवा नशे की गर्त में जा रहे हैं, जिस संबंध में फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार जागरूक कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

### हत्या के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** झगड़े के दौरान हत्या के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी राजकुमार को गिरफ्तार किया है। 5



अक्टूबर को पुलिस चौकी सैनिक कॉलोनी में दीपक ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि पानी को लेकर रामसागर पक्ष के साथ झगड़ा हुआ था। झगड़े में उसके पिता लक्ष्मण को चोटें लगी, जिसके कारण पिता की मृत्यु हो गई थी। थाना डबुआ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### इंडीकेटर चालू नहीं करने पर सुपरवाइजर को धुना

**गुरुग्राम ।** बादशाहपुर एरिया में स्कूटी का इंडीगेटर चालू नहीं करके देने पर युवक ने कंपनी सुपरवाइजर



की धुनाई कर दी। सूचना मिलते पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में धनवापुर के रहने वाले प्रमोद ने कहा कि वह हिमगरी हीरो बादशाहपुर की बॉडी शॉप में सुपरवाइजर हैं। 6 अप्रैल की सुबह करीब सवा 11 बजे एक एक्सीडेंट स्कूटी मरम्मत के लिए आई थी।

### लड़की का रिश्ता लेकर गए परिजनों को धुना

**गुरुग्राम ।** बादशाहपुर एरिया में लड़की का रिश्ता लेकर गए परिजनों ने लड़के वालों की ही



धुनाई कर दी। हमले में घायल लड़के वालों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु की। पुलिस को दी शिकायत में बलजीत सिंह ने बताया कि वह 6 अप्रैल को उनके घर दिल्ली के रहने वाले खजान सिंह अपने परिवार के साथ बेटी मोनिका का रिश्ता लेकर आए थे।

# फरीदाबाद में बनेगा मातृ एवं शिशु अस्पताल, सभी सुविधाओं से होगा लैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सरकार की हाई पावर परचेज कमेटी ने बजट को दी मंजूरी




मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली प्रदेश सरकार की हाई पावर परचेज कमेटी से बजट को मंजूरी मिलने के बाद जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में अलग से मातृ एवं शिशु अस्पताल बनाने का रास्ता साफ हो गया है। स्वस्थ समाज की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण इस परियोजना पर अब तेजी से काम शुरू होगा। इस परियोजना के पूरा होने पर जच्चा-बच्चा को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और इससे मृत्यु दर में कमी आएगी। इस पर 161 करोड़ रुपये की लागत आएगी और लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका एस्टीमेट भी बना लिया गया है। अब अस्पताल भवन का शिलान्यास कभी भी किया जा सकता है।

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली हाई पावर परचेज कमेटी ने 161 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी।
- परियोजना पूरी होने के बाद गंभीर स्थिति वाली गर्भवती महिलाओं को रेफर नहीं किया जाएगा।

फरीदाबाद में मातृ एवं शिशु अस्पताल बनने से जच्चा-बच्चा की मृत्यु दर में कमी आएगी। 161 करोड़ की लागत से बनने वाले इस अस्पताल में 200 बिस्तर होंगे और यह आधुनिक तकनीक से लैस होगा। अस्पताल में उच्च स्तरीय ऑपरेशन थिएटर मातृ देखभाल केंद्र और 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं होंगी।

### गर्भवती महिलाओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल बनने से यह तो तय है कि गर्भवती महिलाओं को गंभीर हालत में यहां रेफर नहीं किया जाएगा। समय से पहले जन्मे बच्चों का भी बेहतर इलाज हो सकेगा। मौजूदा स्थिति की बात करें तो आमतौर पर गर्भवती महिलाओं को गंभीर हालत में रेफर किया जाता है। बच्चों को भी दिल्ली के अस्पतालों में भेजा जाता है। कई बार लंबी दूरी और ट्रैफिक के कारण समय पर इलाज न मिलने से जच्चा-बच्चा की जान चली जाती है।

### 200 बेड का होगा जच्चा-बच्चा अस्पताल

नया अस्पताल आधुनिक तकनीक से पूरी तरह सुसज्जित होगा और इसमें 200 बिस्तर होंगे। नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए विशेष वार्ड बनाए जाएंगे। गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के इलाज की भी सुविधा होगी।

दिल्ली जनकपुरी वेस्ट में चलाते थे फर्जी कॉल सेंटर, 15 मोबाइल फोन व 12 डिवाइस बरामद

# क्रेडिट कार्ड पर सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में 12 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल में श्याम कॉलोनी बल्लभगढ़ के रहने वाले एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

क्रेडिट कार्ड पर हेल्थ इंश्योरेंस देने के नाम पर ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल में श्याम कॉलोनी बल्लभगढ़ के रहने वाले एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से कॉल आया तथा अपने आप को बैंक कर्मचारी बताया व मेरे क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर मुझसे क्रेडिट कार्ड का पूरा नंबर व पिन पूछा, जिसे बताने उपरान्त मेरे क्रेडिट कार्ड से 49712 रुपए कट गए और जब शिकायतकर्ता ने वापिस कॉल करना चाहा तो ठगो ने फोन काट दिया। अगले दिन फिर से कथित बैंक कर्मचारी का कॉल आया व शिकायतकर्ता को अपनी बातों में फंसा कर फिर से क्रेडिट कार्ड विवरण व पूछा जिसे बताने पर शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से 33825 रुपए और कट गए। इस तरह शिकायतकर्ता के साथ कुल 83,537 रुपए की धोखाधड़ी हुई। जिस संबंध में थाना साइबर सेंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

**खास बातें**

- बिहार का रहने वाला है फर्जी कॉल सेंटर का मास्टरमाइंड
- क्रेडिट कार्ड रिवाड्र्स पॉइंट्स अर्न करने के नाम पर करते हैं ठगी

### दिल्ली के रहने वाले हैं सभी आरोपी



उन्होंने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए जिनमें साक्षी नेगी निवासी साउथ वेस्ट दिल्ली, दीपिका निवासी पटेल नगर दिल्ली, बबीता निवासी कैलाशपुरी दिल्ली, समरा निवासी उत्तम नगर दिल्ली, प्रिया मेहरा निवासी राजौरी गार्डन दिल्ली, कोमल निवासी बिंदापुर ईस्ट दिल्ली, ज्योति भारती निवासी करोल बाग दिल्ली, अमिसा निवासी पटेल नगर दिल्ली, सोनम कौर निवासी पश्चिम विहार दिल्ली, संतगढ़, परमीत कौर, चंचल निवासी अरहरियां बिहार व अब्दुल वाहिद निवासी नांगलोई दिल्ली को जनकपुरी वेस्ट दिल्ली से मौके पर गिरफ्तार किया गया है।

### फोन पर बात करके करते थे गुमराह

*पूछताछ में सामने आया कि फर्जी कॉल सेंटर का मास्टरमाइंड खुशहाल उर्फ रौनक निवासी पूर्णिया बिहार है, जो फर्जी कॉल सेंटर के जरिए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने, हेल्थ इंश्योरेंस व क्रेडिट कार्ड रिवाड्र्स पॉइंट्स अर्न करने के नाम पर लोगों को फोन कर झांसा देकर ठगी करने का काम करते हैं।*

नगर आयुक्त ने थपथपाई जोनल

# नगर निगम ने पिछले वर्ष के सापेक्ष की 60% अधिक वसूली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शहर के विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने कड़ी मेहनत की है जिसमें देखा जा रहा है कि पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा लगभग प्रतिशत की अधिक वसूली की गई है। जिस पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टैक्स विभाग टीम की सरहाना की गई तथा जोनल प्रभारी को बेहतर कार्य करने पर शाबाशी दी गई।

### 265 करोड़ की वसूली अधिक की गई

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट नगर आयुक्त की समक्ष प्रस्तुत की। जिसमें दर्शाया गया है कि पिछले वर्ष टैक्स विभाग द्वारा 354 करोड़ की वसूली की गई थी जो कि इस बार 60 प्रतिशत तक बढ़ी है जिसमें 619 करोड़ की वसूली इस वित्तीय वर्ष में टैक्स विभाग द्वारा की गई है 265 करोड़ की वसूली अधिक की गई है अवगत कराया गया, बैठक में सभी जोन के जोनल प्रभारी उपस्थित रहे।

### 270 करोड़ की करेत्तर से वसूली

नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इस बार बेहतर टैक्स वसूली तथा नॉन टैक्स वसूली की गई है, 350 करोड़ हाउस टैक्स वसूली हुई है तथा लगभग 270 करोड़ की करेत्तर से वसूली की गई है।

# मुंबई एक्सप्रेसवे पर चलती सेल्टोज कार में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम ।

मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक चलती हुई किया सेल्टोज कार में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही कि गाड़ी में मौजूद लोग समय रहते गाड़ी से नीचे उतर गए और उनकी जान बच गई। सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। जब तक आग बुझती तब तक गाड़ी पूरी तरह से जलकर राख हो गई।

जानकारी के मुताबिक, एक परिवार अपनी किया सेल्टोज गाड़ी में सवार होकर दिल्ली से वृंदावन जा रहा था। यह परिवार दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर चढ़ गया और पलवल की तरफ जाने लगा। बताया जा रहा है कि जब गाड़ी टोल प्लाजा के पास पहुंचने वाली थी तो अचानक गाड़ी खराब होने लगी। अभी कार चालक ने गाड़ी को साइड किया ही था कि अचानक इसमें आग लग गई जिसके बाद गाड़ी में सवार सभी लोग नीचे उतर गए। अचानक आग की लपटें उंची होने लगी। इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम को आग पर काबू पाने में करीब एक घंटा लग गया। जब तक गाड़ी पूरी तरह से जलकर राख हो गई। अधिकारियों की मानें तो इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट अथवा गाड़ी का ओवर हीट होना है। फिलहाल आग के असल कारण पता नहीं लग पाए हैं।

इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन सूट बेचने के

# साइबर अपराधियों को मोबाइल सिम उपलब्ध कराने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम ।

साइबर क्राइम साउथ थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों को मोबाइल सिम उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बीते सोमवार राजस्थान के भरतपुर से पकड़ा हैं। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करके पूछताछ की जा रही है, ताकि साइबर ठगी करने वाले आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा सके।

साइबर क्राइम साउथ थाना पुलिस को शिकायत मिली कि जालसाजों ने इंस्टाग्राम पर सस्ते रेट पर ऑनलाइन सूट खरीदने संबंधी की जानकारी अपलोड करके सूट बुक करने के नाम पर 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरु की। एसीपी (साइबर क्राइम/डीएलएफ) विकास कौशिक ने बताया कि साइबर क्राइम साउथ थाना पुलिस पुलिस टीम ने मामले में



कार्रवाई करते हुए साइबर ठगों को सिम उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को भरतपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया है।

एसीपी विकास कौशिक ने बताया कि आरोपियों की पहचान सैलेश निवासी खटीकपाड़ा बैर, भरतपुर (राजस्थान) व मनीष निवासी धाकड़पाड़ा बैर, भरतपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है। साइबर ठगी में प्रयोग किया गया मोबाइल नंबर आरोपी शैलेश कुमार के नाम था। शैलेश कुमार ने अपने इस नंबर को एक हजार रुपये में आरोपी मनीष को बेच दिया था। जबकि मनीष ने यह सिम कार्ड दो हजार रुपये में साइबर ठगी करने वाले एक आरोपी को बेचा था।

# लोधी राजपूत जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों ने मेयर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोधी राजपूत जनकल्याण समिति (रजि) फरीदाबाद के सहयोग से लोधी राजपूत समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा फरीदाबाद नगर निगम की नवनिर्वाचित मेयर प्रवीण बत्रा जोशी की प्रचण्ड जीत के लिए उनका गुलदस्ता व मिठाई भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर समिति ने श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी को अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की एक तस्वीर सम्मान स्वरूप दी।



### समिति इस चौक की निःशुल्क देखभाल कर रही

समिति के संस्थापक महासचिव लाखन सिंह लोधी ने मेयर जोशी को बताया कि एनएच दो-तीन के चौक पर 16 अगस्त 2016 को केन्द्रीय राज्य मंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से इस चौक का नामकरण अवंती बाई लोधी चौक पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश दीदी उमाश्री भारती के कर कमलों द्वारा किया गया था। उसी समय से समिति के द्वारा इस चौक की निःशुल्क देखभाल की जा रही है और भविष्य में इसी प्रकार जारी रहेगी।

### चौक का सौन्दर्यीकरण अतिशीघ्र कराया जाए

सरकार द्वारा लगभग क्षेत्र में यहां पर सभी चौक, चौराहे, पार्कों का सौन्दर्यीकरण पूरा हो चुका है। समाज आपसे निवेदन करता है कि इस चौक का भी सौन्दर्यीकरण अतिशीघ्र कराया जाए। चौक-चौराहे किसी भी क्षेत्र की सुन्दरता में अद्वितीय भूमिका निभाते हैं। हमें आशा नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप इस चौक का सौन्दर्यीकरण अतिशीघ्र कराएगी। समिति-समाज की ओर आपका आभार एवं धन्यवाद। इस अवसर पर मुख्य रूप से लाखन सिंह लोधी, रूपसिंह लोधी, धर्म पाल सिंह लोधी, जागेश्वर राजपूत, होती लाल लोधी, राजेश वर्मा, नंदकिशोर लोधी, कुंवरपाल सिंह लोधी, शंकर लाल लोधी, बलवीर सिंह लोधी, ओमप्रकाश लोधी, भुजवीर सिंह लोधी, प्रशांत कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, पप्पू सिंह आदि उपस्थित रहे।

दुबई से चला रहा था तस्करी का कारोबार

# ईडी ने की इंटरनेशनल ड्रग तस्कर जसमीत हकीमजादा की प्रॉपर्टी अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंटरनेशनल ड्रग तस्कर जसमीत हकीमजादा पर शिकंजा कसते हुए उसकी 1.22 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को अस्थाई रूप से अटैच किया है। ईडी ने यह कार्रवाई एनआईए की तरफ से दर्ज एक एफआईआर के आधार पर की है। जसमीत हकीमजादा फिलहाल दुबई में रह रहा है और उसकी अटैच प्रॉपर्टी गुरुग्राम के सोहना इलाके में है। ईडी के गुरुग्राम जोनल कार्यालय द्वारा यह कार्रवाई एनआईए की तरफ से दर्ज एक एफआईआर के आधार पर की है। एनआईए ने जसमीत हकीमजादा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) 1967 और एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत केस दर्ज किया था। जांच में सामने आया है कि जसमीत हकीमजादा को अमेरिका की सरकार ने महत्वपूर्ण विदेशी मादक पदार्थ तस्कर घोषित किया है। साथ ही उसका नाम विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय की लिस्ट में भी शामिल है।

### लॉकरों से 1.06 किलो सोना और 370 ग्राम हीरे के जेवर ईडी ने जब्त




दरअसल, 27 अगस्त 2024 को ईडी ने दिल्ली में हकीमजादा और उसकी पत्नी के नाम से बैंक लॉकर भी खोजे थे। इन लॉकरों से 1.06 किलो सोना और 370 ग्राम हीरे के जेवर मिले, जिन्हें ईडी ने जब्त किया था। ड्रग्स से कमाया गया कैश भारत के अलग-अलग बैंक अकाउंट्स में जमा करने और फिर उसी पैसे से गुरुग्राम में प्रॉपर्टी खरीदी गई। इसी प्रॉपर्टी को ईडी ने अटैच किया है।

### खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से जुड़े तार

जांच में ये भी सामने आया है कि हकीमजादा का नाम खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) और इसके पाकिस्तान में छुपे चीफ हरमीत सिंह उर्फ पीएचडी से भी जुड़ा हुआ है। जसमीत भारत में एक बड़ा नार्को-टेरर नेटवर्क चला रहा था। ड्रग्स से कमाया गया पैसा हवाला के जरिए दुबई भेजा जाता था, जिसमें अमृतसर के कुछ मनी चेंजर की मदद ली गई।

निवेश के बाद पैसे नहीं निकाल पाए

# ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिखा साढ़े 10 लाख की ठगी, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ट्रेडिंग के नाम पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने 3 आरोपी विनोद, जितेन्द्र, सीताराम को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ में बल्लभगढ़ के रहने वाले एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी फेसबुक पर एक अंजान लड़की से बात हुई, जिसने उसे शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करने के लिए कहा तथा शिकायतकर्ता को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा, जिसका नाम ऐडमरल मार्केट ग्लोबल था तथा ट्रेडिंग के लिए एक अकाउंट भी खोला गया।

जिसके बाद कथित लड़की ने शिकायतकर्ता को पहली ट्रेड में 40,000 रुपए निवेश करवाए तथा 8000 रुपए लाभ के प्राप्त हुए। जिनको उसने बैंक से निकाल लिया। इसी तरह अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए शिकायतकर्ता ने शेयर मार्केट में कुल 10,53,040 रुपए निवेश किए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक पुत्र अमृत लाल पताः सी–2, ब्लॉक, नंद नगरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 546/2019 धारा 12/9/55 जी एक्ट के तहत** थानाः नंद नगरी दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 546/2019 धारा 12/9/55 जी एक्ट के तहत थाना नंद नगरी, दिल्ली के उक्त दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं.19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/4356/NE/2025

## योगी सरकार तैयार कर रही 'रेडी टू वर्क' स्किल्ड

# जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी से खुलेगा रोजगार का पिटारा

कौशल विकास मिशन ने उत्पादन और सेवा क्षेत्र से जुड़े 24 बड़े औद्योगिक संस्थानों को ट्रेनिंग पार्टनर बनाया है ताकि युवाओं को ट्रेनिंग के बाद सीधा काम मिल सके।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में जेवर एयरपोर्ट और नोएडा फिल्म सिटी जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स को आधार बनाकर सरकार युवाओं के लिए व्यापक स्तर पर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। इसका लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को इन परियोजनाओं में अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराना है। युवाओं को 'रेडी टू वर्क' बनाने के लिए सेक्टर स्किल काउंसिल्स के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के माध्यम से सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक, मीडिया एवं मनोरंजन, और नागरिक उड्डयन जैसे उभरते क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। इन सेक्टर्स में भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए युवाओं को 'रेडी टू वर्क' बनाने के लिए सेक्टर स्किल काउंसिल्स के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।



### परियोजना से एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना

जेवर एयरपोर्ट परियोजना से एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना जताई जा रही है, जबकि नोएडा में विकसित हो रही फिल्म सिटी प्रदेश को मनोरंजन उद्योग का हब बनाएगी। इससे मीडिया, फिल्म प्रोडक्शन व तकनीकी क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के नए दरवाजे खुलेंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत 14 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं को निःशुल्क और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा है सरकार की यह रणनीति न केवल प्रदेश की जीडीपी को मजबूती देगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर होने वाले पलायन में भी कमी लाएगी। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत 14 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं को निःशुल्क और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य के 2,800 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों में हर वर्ष तीन लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### युवाओं को प्रशिक्षण के बाद सीधे रोजगार उपलब्ध कराया जा सकेगा

वित्त वर्ष 2017-18 से मार्च 2025 तक कुल 14,13,716 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 5,66,483 को रोजगार भी मिल चुका है। इतना ही नहीं, प्रदेश सरकार ने उत्पादन और सेवा क्षेत्रों से जुड़े 24 प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों को फ्लैक्सी प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में अनुबंधित किया है। इसके अतिरिक्त, आठ प्लेसमेंट एजेंसियों को भी मिशन के साथ जोड़ा गया है, ताकि युवाओं को प्रशिक्षण के बाद सीधे रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

## खबर संक्षेप

### 5 महीने के बच्चे को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला

**फर्रुखाबाद।** यहां फतेहगढ़ के कुटरा गांव में घर के अंदर चारपाई पर लेटे 5 महीने के मासूम को दो कुत्तों ने नोंचकर मार डाला।



मासूम की दर्दनाक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। राजू कुशवाहा परिवार के साथ झोपड़ी डालकर रहता है। उसके 7 बच्चे हैं। पत्नी शिखा घर की साफ-सफाई में लगी हुई थी। धीरज चारपाई पर लेटा था।

## चुनाव पूर्व बिहार में राजनीतिक पार्टियों के बीच पोस्टर वॉर

# बदलाव का फैसला तो गांधी मैदान में ही होगा

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन चुनाव से पहले बिहार में राजनीतिक पार्टियों के बीच पोस्टर वॉर जारी है। अब पटना में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं। इस पोस्टर में प्रशांत किशोर की तस्वीर के साथ लिखा गया है कि फैसला अब गांधी मैदान में ही होगा। 11 अप्रैल को प्रशांत गांधी मैदान में रैली करने वाले हैं। इस रैली से पहले इस तरह के पोस्टर पटना में लगाए गए हैं। कुछ समय पहले किशोर गांधी मैदान में बीपीएससी छात्रों के समर्थन में धरने पर बैठे थे। जिसके बाद अब फैसला तो गांधी मैदान में ही होगा जैसे पोस्टर पटना में लगाए गए हैं। प्रशांत किशोर की इस रैली और जन सुराज के इस पोस्टर पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। भाजपा प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा कि बिहार में लड़ाई सिर्फ दो धड़ो में हैं। पहला लालू का कुशासन और जंगलराज तथा दूसरा नीतीश और भारतीय जनता पार्टी का

# सीएम हेमंत औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए स्पेन और स्वीडन जाएंगे

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन की यात्रा करेगा। झारखंड कैबिनेट ने इस यात्रा और इससे संबंधित खर्च को भी मंजूरी दे दी है। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। झारखंड सरकार ने कैबिनेट की बैठक में जल संसाधन विभाग, वाणिज्यिक कर विभाग, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई अहम फैसले लिए हैं। सरकार ने लिपिकों की नियुक्ति के लिए नियमावली को मंजूरी दी है। विमान ईंधन पर टैक्स की दर में बदलाव किया है। वहीं शिक्षकों को प्रमोशन देने का फैसला किया है। वहीं अस्पतालों के प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए गाइडलाइन जारी की है। साथ ही आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति की अवधि बढ़ाई है।

### शिक्षा विभाग में प्रमोशन के फैसले को मंजूरी

जल संसाधन विभाग में अब लिपिकों की नियुक्ति के लिए एक नई नियमावली होगी। सरकार ने झारखण्ड राज्य जल संसाधन विभाग क्षेत्रीय लिपिक पदों पर भर्ती नियमावली, 2025 को मंजूरी दे दी है। इससे विभाग में लिपिक, लिपिक-सह-टंकक और टंकक जैसे पदों पर भर्ती हो सकेगी। शिक्षा विभाग में भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। अवर शिक्षा सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों को राज्य शिक्षा सेवा वर्ग-2 के पद पर प्रमोशन मिलेगा।



## पेज एक का शेष

### 1,370 को दी ...

प्रतिबद्ध है। जिसमें समय पर चिकित्सा सुविधा के अलावा आपदा से सर्वाधिक प्रभावित मांडले क्षेत्र में जटिल स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं।

एक्स रे का आंकड़ा 150 पर पहुंचाः अस्पताल में कुल 258 मरीजों का इलाज किया गया है। फिलहाल भर्ती किए हुए मरीजों की संख्या 37 है। जबकि प्रयोगशाला जांच का आंकड़ा 698 है और 150 एक्स-रे किए गए, 27 छोटी सर्जरी और 6 बड़ी सर्जरी भी अस्पताल में की गई हैं।

### बिम्सटेक कृषि मंत्रियों ...

के तहत प्रस्तुत की गई मजबूत वैज्ञानिक उपलब्धियों और प्रमुख नीतिगत पहलों को जाहिर करेगी। इससे भारत को बिम्सटेक क्षेत्र में एक मजबूत नेतृत्व की स्थिति में रखा जाएगा और हमारे 'एक्ट ईस्ट' और 'पड़ोसी पहले' पॉलिसी के महत्व को भी उजागर किया जाएगा। बैठक की मेजबानी नेपाल सरकार कर रही है। नेपाल प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली से मुलाकात करेंगे। साथ ही, नेपाल के कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामनाथ अधिकारी के साथ शिवराज सिंह की बैठक होगी और इस दौरान, कृषि क्षेत्र में सहयोग पर भारत और नेपाल सरकारों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके अलावा शिवराज सिंह चौहान, भूटान के कृषि एवं पशुधन मंत्री यूंटेन फुंटशो के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। साथ ही, कृषि क्षेत्र में भारत और बिम्सटेक मंच के बीच सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा करने के लिए बिम्सटेक के महासचिव इंद्रमणि पांडे से भी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह की बैठक होगी।

### इजराइल के कृषि...

इसे पूरे देश में लोकप्रिय बनाया गया है। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने एक ग्रीनहाउस का दौरा किया, जिसे वर्ष 1998 में भारत-इजरायल विशेषज्ञता के साथ स्थापित किया गया था।
प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनहाउस के अंदर सब्जी फसलों रंगीन शिमला मिर्च, टमाटर और चेरी टमाटर को देखा। टमाटर की ग्रीनहाउस किस्में पूसा कॉकटेल टमाटर, पूसा चेरी टमाटर हाइब्रिड 1, पूसा रक्षित, रंगीन शिमला मिर्च सीपीसीटी-31सी-11 पीला, सीपीसीटी-एवी-151 नारंगी, सीपीसीटी-33ए-2 लाल, पूसा पार्थेनोकार्पिक खीरा, ग्रीष्मकालीन स्क्वैश पूसा अलंकार, पूसा पसंद और फूलों की किस्में गुलदाउदी जेम्बला, मैरीगोल्ड पूसा पर्व, पूसा बहार और पूसा दीप को मंत्रियों के समक्ष प्रदर्शित किया गया। इस दौरान आईसीएआर- आईएआरआई एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, इजराइल दूतावास के अधिकारी भी मौजूद थे।

### कांग्रेस की बढ़ेगी...

किया। दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल- ये सभी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। खरगे ने कहा कि गांधीजी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। ये इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती। आज कम्यूनल डिवीजन करके देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है। दूसरी तरफ ऑलिग्राफिक मॉनोपॉली देश के संसाधनों पर कब्जा करते हुए शासन को नियंत्रित करने की राह पर है। खरगे ने कहा कि इसी साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150 वीं जयंती है। नेहरू उनको भारत की एकता का संस्थापक कहते थे। उनकी 150 वीं जयंती हम लोग देश भर में पूरे उल्लास से मनाएंगे। सरदार साहेब कांग्रेस के अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में कराची कांग्रेस में मौलिक अधिकारों पर जो प्रस्ताव पारित हुए थे वह भारतीय संविधान की आत्मा है।

**पटेल और नेहरु के संबंधों को लेकर करते हैं षड्यंत्रः** कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाया जा रहा है। ये काम वो लोग कर रहे हैं जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी की लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। खरगे ने कहा कि वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षड्यंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे जबकि सच्चाई ये है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे।

**सरकार ने गांधीजी और बाबा साहेब का अपमान कियाः** आरएसएस पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि जब संविधान बना तो आरएसएस ने गांधीजी, पंडित नेहरू,आंबेडकर और कांग्रेस की बहुत आलोचना की। रामलीला मैदान पर संविधान और इन नेताओं के पुतले जलाए। ये भी कहा कि संविधान में मनुवादी आदर्शों से प्रेरणा नहीं ली गई। मोदी सरकार ने संसद परिसर में गांधीजी और बाबा साहेब की भव्य मूर्ति को उठा कर एक कोने में डाल कर उनका अपमान किया। गृहमंत्री ने राज्य सभा में ये कह कर बाबा साहेब का मजाक उड़ाया कि आप लोग आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर कहते हैं, अगर इतना नाम भगवान का लेते तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

### कांग्रेस के जिला ...

(62) ने सबसे ज्यादा टक्कर करीब 500 मीटर के एरिया में मारी है। नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में संतोष माता मंदिर के पास आरोपी ड्राइवर ने पहले स्कूटी-बाइक को टक्कर मारी, फिर सड़क पर गिरे लोगों को कुचलते हुए भाग गया।

### क्या बालाकोट एयर ...

की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ हुई बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ाने पर जिस उत्सुकता के साथ सहमति जताई गई है। उसे देखते हुए इस बात की संभावना बनती हुई नजर आ रही है कि भविष्य में भारत द्वारा पाकिस्तान में घुसकर की गई सफल बालाकोट एयर स्ट्राइक के हीरो कहे जाने वाले मिराज-2000 लड़ाकू विमानों के अपग्रेडेशन के लिए कलपुर्जे यूएई से प्राप्त किए जा सकते हैं। हालांकि इस पर अभी आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

वायुसेना को चाहिए 45 स्क्वाड्रनः सूत्रों ने बताया कि वायुसेना को दोनों मोर्चों पर युद्ध की चुनौती का सामना करने के लिए लड़ाकू **विमानों की कुल स्वीकृत स्क्वाड्रन की** संख्या 45 होनी चाहिए। इसमें से 42 तो उसके पास होनी ही चाहिए। लेकिन अभी वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कुल 31 स्क्वाड्रन ही मौजूद हैं। जबकि 11 स्क्वाड्रन की सीधी कमी बनी हुई है। इसके अलावा आने वाले समय में मिग-21-बाइसन की दो स्क्वॉड्रन सेवानिवृत्त हो जाएंगी। जिसके बाद बल के पास लड़ाकू विमानों की महज 29 स्क्वाड्रन ही रह जाएंगी। यहां बता दें कि वायुसेना के लड़ाकू विमानों की एक स्क्वाड्रन में कुल करीब 16 से 18 विमान होते हैं। इस हिसाब से 42 स्क्वाड्रन में 672 में से 756 विमानों की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है।






## जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

लाइफ Style



# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंग: इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।


उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

हॉलीवुड मसाला



## 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।



## आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पाट्र्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



## नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



## 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

टीवी मसाला




## कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमों में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल



मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'

## 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

## *इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी*

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरु ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट*



*उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*

### *इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए*

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ़िल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ़िल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

### अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

## इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल


***नई दिल्ली।*** *किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि,



ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।

**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू: पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार के लिए हुआ औचक निरीक्षण, 35 कार्यों का किया गया मूल्यांकन

# सड़कों के औचक निरीक्षण में गड़बड़ी पर दो निर्माण एजेंसी ब्लैक लिस्ट, तीन इंजीनियरों को मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मप्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नई पहल शुरू की गई है। इस पहल में हर माह दो बार सॉफ्टवेयर से रैंडमली चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में 5 अप्रैल 2025 को प्रदेश के 7 जिलों हरदा, बालाघाट, अशोकनगर, अलीराजपुर, सीधी, उज्जैन एवं टीकमगढ़ में निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अभियान के तहत कुल 35 निर्माण कार्यों का चयन रैंडम आधार पर किया गया, जिनमें 14 कार्य पीडब्ल्यूडी (सड़क, पुल), 13 कार्य पीआईयू, 6 कार्य मप्र सड़क विकास निगम, एक कार्य मप्र भवन विकास निगम एवं एक कार्य पीडब्ल्यूडी (एनएच) से संबंधित थे। निरीक्षण के बाद प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में की गई, प्रबंध संचालक सड़क विकास निगम भरत यादव, प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता एसआर बघेल, सभी मुख्य अभियंता एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीकमगढ़ जिले के दिगोड़ा-मोहनगढ़ मार्ग की गुणवत्ता की सराहना-

समीक्षा में टीकमगढ़ जिले के दिगोड़ा-मोहनगढ़ मार्ग की गुणवत्ता को लेकर निरीक्षणकर्ताओं ने सराहना की। परफॉर्मेंस गारंटी की अवधि समाप्त होने के दो वर्ष बाद भी मार्ग की स्थिति उत्कृष्ट पाई गई। इसके लिए निर्माण कार्य के दौरान पदस्थ अनिल श्रीवास्तव एवं पीके जोशी की विशेष प्रशंसा की गई। समीक्षा बैठक में एमडी एमपीआरडीसी भरत यादव ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं विधानसभा के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने एवं ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संपादन करने के लिये भी निर्देश जारी किए गए हैं।

### अवनी कंस्ट्रक्शन व श्री मोहनी कंस्ट्रक्शन ब्लैक लिस्टेड, ईई व एई को थमाया नोटिस

बालाघाट के पीनडकेपर-खुशीपार-फोगलटोला मार्ग पर गुणवत्ता में कमी पाई गई, जिसमें कस्ट की मोटाई कम तथा सीसी कार्य में जॉइंट कटिंग समय पर नहीं की गई। इस लापरवाही के लिए निर्माण एजेंसी 'श्री मोहनी कंस्ट्रक्शन' को ब्लैक लिस्ट में डालने एवं संबंधित कार्यपालन यंत्री, एसडीओ व उपयंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसीप्रकार अशोकनगर जिले के बररी-नलखेड़ा मार्ग के निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता को देखते हुए निर्माण एजेंसी 'अवनी कंस्ट्रक्शन' को भी ब्लैक लिस्ट में दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राजधानी के एक निजी होटल में पहुंचे मुख्यमंत्री

# मातृ-शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं अनमोल 2.0 का सीएम ने किया शुभारंभ

- मुख्यमंत्री ने जताई प्रदेश में मेडिकल पर्यटन की संभावना
- कहा- बेहतर स्वास्थ्य के लिए संचालित होंगे अनेक प्रकल्प

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाया जाएगा। इस दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। सरकार के साथ समाज को भी स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय करना है। शासकीय, अशासकीय और अर्द्धशासकीय स्तर पर नागरिकों के स्वास्थ्य रक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रदेश में अनेक प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। डॉ. यादव सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक होटल में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मातृ-शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं अनमोल 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया।

### बेहतर सुविधाओं के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस अभिनव कार्यक्रम की रचना के लिए स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अनमोल 2.0 पोर्टल प्रारंभ करने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा दो मंत्रालय विभाग होते थे, जिन्हें एकीकृत कर आम जनता के हित को सुनिश्चित किया गया है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या निरंतर बढ़ रही है। साल दर साल नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। डॉ यादव ने कहा कि पीपीपी मॉडल अपनाकर अस्पतालों के संचालन में सुधार करने की पहल की गई है। इस दिशा में अनुकूल वातावरण भी तैयार हुआ है।

### आईएमआर-एमएमआर में सुधार चुनौती

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार हर नागरिक तक उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित यह कार्यक्रम सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आईएमआर और एमएमआर में सुधार प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र की महत्वपूर्ण चुनौती है। पूर्व में भी प्रयास हुए हैं। विगत 20 वर्षों में एमएमआर 400 से 173 हो गई है। आईएमआर 80 से 43 हो गई है। एनएमआर 60 से घटकर 31 हुई है। इन सभी प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, परंतु लक्ष्य अभी दूर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुरूप सतत विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मध्यप्रदेश पुरजोर प्रयास कर रहा है। वर्ष 2030 तक एमएमआर को 100 से कम करने और आईएमआर को 20 से कम करने के योजनाबद्ध प्रयास करेंगे। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में स्वास्थ्य महत्वपूर्ण आयाम है।

### प्रदेश में मेडिकल पर्यटन की काफी संभावना




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा प्रदेश में मेडिकल पर्यटन की काफी संभावना है। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए प्रयास बढ़ाए जाएंगे । प्रदेश में जो रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई हैं, उसमें सेवा क्षेत्र को भी जोड़ा गया है। प्रारंभ में प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर जैसे बड़े नगरों में निजी क्षेत्र में अस्पतालों को भी प्रमोट करेंगे। तीन श्रेणियों में अस्पतालों को सब्सिडी प्रदान कर लाभान्वित किया जाएगा। इससे अस्पतालों के संचालन में सहयोग मिलेगा। डॉ यादव ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को विमान और हेलीकॉप्टर सेवा निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। एलोपैथी चिकित्सा के साथ ही आयुष, प्राकृतिक चिकित्सा और अन्य चिकित्सा पद्धतियों को भी समग्र दृष्टि से देखते हुए इन सभी पद्धतियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री आज ग्वालियर में करेंगे आरओबी का वर्चुअल लोकार्पण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ग्वालियर के विकास में नए अध्याय के रूप में जुड़ने जा रहे नवनिर्मित आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) को मंगलवार 8 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे। डॉ यादव इस आरओबी का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। यह आरओबी चंद्रबदनी नाका से न्यू कलेक्ट्रेट मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग क्रमांक-418 पर विवेकानंद नीडम के समीप लगभग 42 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह तथा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी शामिल होंगे।

**स्पीकर तोमर, केंद्रीय मंत्री सिंधिया भी होंगे शामिल**

**छात्रावासों का भी करेंगे वर्चुअल लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ यादव आरओबी के साथ-साथ लगभग 7 करोड 87 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास भवन ठाटीपुर व अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास भवन सिरोल का भी वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। ये दोनों छात्रावास 50 – 50 सीटर हैं और प्रत्येक छात्रावास का निर्माण 3 करोड 93 लाख 38 हजार रूपए की लागत से किया गया है।

## मप्र में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से बढ़ेगी किसानों की आय

- 13 अप्रैल को रवीन्द्र भवन में होगा राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन
- केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा अनुबंध
- सहकार से समृद्धि के लिए नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सहकार से समृद्धि के विजन के तहत मप्र एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। मप्र सरकार ने दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में मप्र ने विशेष स्थान बनाएगा।

### श्वेत क्रांति की दिशा में बढ़ता मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्वेत क्रांति मिशन के तहत प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर की संख्या बढ़ाकर और दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार कर किसानों की आय में वृद्धि का कार्य किया जाएगा। मध्यप्रदेश में अधिकतर ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना कर दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी डेयरी कार्यक्रम से जोड़ने का कार्य होगा।

### कोचिंग के साथ केयरिंग का दिखा असर

## कोटा में एडमिशन फीवर, देशभर से पहुंच रहे स्टूडेंट और पेरेन्ट्स

**कोटा।** कोचिंग इंस्टीट्यूट द्वारा नए सेशन के बैच की डेट्स घोषित करने के साथ ही यहां एडमिशन्स का दौर शुरू हो गया है। हजारों की संख्या में स्टूडेंट्स-पेरेन्ट्स कोचिंग संस्थानों में एडमिशन के लिए आ रहे हैं। कोटा में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से लेकर कोचिंग संस्थानों तक में रौनक नजर आ रही है। स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट्स के इंतजार में समय गंवाए बिना आईआईटी जेईई और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी के लिए कोटा आ रहे हैं। कोटा के अधिकांश कोचिंग संस्थानों में अप्रैल माह में बैच शुरू हो रहे हैं। कोटा के



एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में एडमिशन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स को फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप भी दी जा रही है। शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में पिछले एक सप्ताह में हुए ओरियंटेशन सेशन्स में हजारों स्टूडेंट्स पेरेन्ट्स शामिल हुए।

### 31 मई तक होगा लोगों की समस्याओं का समाधान

## गांव और शहरों में लगी समाधान पेटियां 11 अप्रैल तक लेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की जनता की समस्याओं के निवारण के लिए साय सरकार के प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार का आगाज हो गया है। इसके तहत प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जनता की समस्याओं के आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए हर गांव और हर शहर में समाधान पेटियां लगाई गई हैं।

इनके निवारण के लिए समाधान शिविर 5 से 31 मई तक आयोजित किए जाएंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायो के कार्यालयों में




अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, जिससे लोगों को समस्या न हो। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित समाधान, सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। सीएम साय ने पहले ही सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें। राज्य और जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा भी की जाएगी।

### अधिवक्ता संघ ने लिया फैसला

## मासूम के रेप, हत्या के आरोपी का केस नहीं लड़ेंगे वकील




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी कर उसकी हत्या के आरोपी का केस कोई वकील नहीं लड़ेगा। यह फैसला अधिवक्ता संघ ने लिया है। अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने कहा कि जिले के इतिहास के लिए कल काला दिन था।

संघ ने फैसला लिया है कि कोई भी वकील आरोपी का केस नहीं लड़ेगा। संघ के सचिव रविशंकर सिंह ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि वकील संघ एकजुट है। कोई भी वकील आरोपी का केस नहीं लड़ेगा।

**यह है पूरा मामला**

*यह घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र के उरला इलाके में घटी, जहां 6 साल की बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके परिजनों ने रविवार, 6 अप्रैल 2025 को सुबह 9 बजे दर्ज कराई थी। बच्ची अपनी दादी के घर कन्या भोज के लिए गई थी, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटी। पुलिस ने तलाश शुरू की, लेकिन शाम 7:30 बजे एक दर्दनाक खुलासा हुआ, जब बच्ची की लाश दादी के घर के बाहर खड़ी एक कार की डिक्की में मिली। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार मालिक, उसके ड्राइवर और 5 अन्य लोगों को हिरासत में लिया, जिसमें बच्ची का चाचा भी शामिल था। पुलिस ने बताया कि चाचा ने अपराध स्वीकार कर लिया है और उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी है।*

### दिल्ली की सीएम ने कहा, माता रानी के दर्शन से असीम ऊर्जा मिली

## 'जय भवानी-जय भिवानी' यात्रा का भव्य समापन

- रथयात्रा का दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 10 में भव्य समापन हो गया
- दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं

**नई दिल्ली।** नवरात्र पर भिवानी जिले से माता रानी की अखंड जोत लेकर चली 'जय भवानी-जय भिवानी' रथयात्रा का दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 10 में एक भव्य समारोह में समापन हो गया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने माता के दरबार में माथा टेका। भिवानी परिवार मैत्री संघ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में भिवानी व दिल्ली के स्थानीय निवासी बड़ी



संख्या में मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाकर मुझे असीम ऊर्जा मिली है। पहाड़ी वाली माता, देवसर वाली माता एवं भोजावाली माता सभी का कल्याण करती हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दिल्ली के विकास का संकल्प लिया है और माता रानी के आशीर्वाद व सभी दिल्लीवासियों के सहयोग से मैं इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प हूं। मैं चाहती हूं कि समाज के हर तबके के लिए इतने काम करूं जो भविष्य के लिए नजीर बन जाए। इस अवसर पर श्रीमती चंदा जिंदल एवं विजय जिंदल ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन, रथ यात्रा के संयोजक विजय सिंघल, हंसराज रल्हन, संजय गुप्ता व कृष्ण बासिया भी उपस्थित रहे।

### चयनित अधिकारी सेवा भाव और सकारात्मक मानसिकता के साथ करें अपने अधिकारों का उपयोग

# आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें

- मुख्यमंत्री ने राज्य सिविल सेवा अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ
- उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार के कुल 83 प्रशिक्षु लेंगे सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सेवा के लिए चयनित अधिकारी पवित्र सेवा भाव और परिष्कृत मन मस्तिष्क के साथ, उन्हें मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए अपने दायित्व निर्वहन की ओर अग्रसर हों। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकारी कुशलता और दक्षता से सभी की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरे उतरें यही कामना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों के 118 वें संयुक्त आधारभूत



प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री का प्रशासन अकादमी के डीजी सचिन सिन्हा ने स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ प्रशिक्षु अधिकारियों का ग्रुप फोटो भी हुआ।

### अपनों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी चुनौती



मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े पद की जिम्मेदारी के साथ-साथ परिवारजन और मित्रों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी एक चुनौती है। इस मौके पर मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा में चयनित वर्ष 2020 और 2021 बैच के उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार पद के लिए चयनित कुल 83 प्रशिक्षुओं के सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अप्रैल से 23 मई 2025 तक प्रशासन अकादमी में संचालित होगा।

### अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षुओं से कहा कि नर्सरी कक्षा से लेकर अब तक के शिक्षण-प्रशिक्षण से मिले ज्ञान के आत्म अवलोकन से अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें। उन्होंने कहा कि शिक्षण से व्यक्ति और प्रशिक्षण से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। हमारी पाठ्य पुस्तकें अपार ज्ञान का भंडार हैं, लेकिन दायित्वों को पूरा करने के लिए इसी ज्ञान की मदद से अपना मार्ग स्वयं खोजना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने दायित्वों के निर्वहन में पारिवारिक मूल्यों का ध्यान रखने, जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार और संवाद क्षमता विकसित करने तथा आउट ऑफ बॉक्स सोचते हुए समाज हित में नवाचार करें।

### राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मिशन कर्मयोगी से विकास और जनकल्याण की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। चयनित अधिकारियों को स्वयं के परिश्रम और ईश्वर की कृपा से जनसेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने सबसे अपेक्षा की कि प्रशिक्षण उपरांत अधिकारी, मैदानी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आत्मविश्वास और सकारात्मक मानसिकता के साथ सुशासन और गुणवत्तापूर्ण लोक सेवाओं के लिए उत्तरदायी-जवाबदेह-पारदर्शी-स्वच्छ और संवेदनशील भूमिका का निर्वहन करें। शुभारंभ सत्र को अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, महानिदेशक प्रशासन अकादमी सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजा बाबू सिंह ने भी संबोधित किया।

## चिंतन

# राज्यपाल अपनी 'शक्ति' के दायरे में ही काम करें

राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव का देश में पुराना इतिहास रहा है। ताजा मामला तमिलनाडु का है, जिसमें सुप्रीम अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को संवैधानिक आईना दिखाया है। उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए 10 विधेयकों को मंजूरी दे दी, साथ ही राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों के लिए समयसीमा भी तय कर दी है। उच्चतम न्यायालय ने सख्त लहजे में कहा, 'दस विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का राज्यपाल का कदम गैरकानूनी और मनमाना है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों को उस तारीख से स्वीकृत माना जाएगा जिस दिन इन्हें राज्यपाल के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया गया था। शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल को पुनः भेजे गए विधेयकों को पारित माने जाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त अधिकार का इस्तेमाल किया है। समय सीमा निर्धारण का शीर्ष अदालत का अपनी तरह का पहला आदेश है। न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा कार्य निर्वहन किए जाने को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा निर्धारित नहीं है। कोई निश्चित समयसीमा न होने के बावजूद, अनुच्छेद 200 को इस तरह से नहीं पढ़ा जा सकता कि यह राज्यपाल को उन विधेयकों पर कार्रवाई नहीं करने की अनुमति देता है, जिन्हें उनके सम्मुख संस्तुति के लिए प्रस्तुत किया गया है। पीठ ने समयसीमा तय करते हुए कहा कि किसी विधेयक पर मंजूरी रोककर उसे मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से राष्ट्रपति के लिए सुरक्षित रखने की अधिकतम अवधि एक माह होगी। यदि राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना सहमति को रोकने का फैसला किया है तो विधेयकों को तीन महीने के अंदर विधानसभा को लौटाया जाना चाहिए। समयसीमा का पालन नहीं होने पर अदालतों में न्यायिक समीक्षा होगी। समय सीमा के निर्धारण से विधानसभा व राजभवन के बीच जानबूझकर टकराव की स्थिति पैदा नहीं हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट का यह सराहनीय पहल है। अतीत में अनेक बार राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव की स्थिति बनी है। गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों की भूमिका सवालों के घेरे में रहे हैं। अतीत में केरल, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब आदि राज्यों में चुनी हुई सरकार व राजभवन के बीच टकराव देखने को मिला है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब सबसे अधिक अनुच्छेद 356 कर दुरूपयोग देखने को मिला था। जनता पार्टी की अल्प समय की सरकार के समय भी राज्यपाल ने अपनी शक्ति का दुरूपयोग किया था। तमिलनाडु व छत्तीसगढ़ के मामले में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्य का निर्वाचित प्रमुख नहीं होने के नाते, राज्यपाल विधानसभा सत्र की वैधता पर संदेह नहीं कर सकते या सदन द्वारा पारित विधेयकों पर अपने फैसले को अनिश्चित काल तक रोक नहीं सकते। राज्यपाल को विधानसभा से पारित क़ानून पर सवाल-जवाब करने का अधिकार नहीं है। या तो वे विधेयक पर हस्ताक्षर करें या इस वापस करें। राज्य की विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपालों द्वारा दबाए रखना 'आग से खेलने वाला' कदम है जो 'चिंता का विषय' है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्यपाल 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्ति के दायरे में ही काम करें तो गरिमा बनी रहेगी।

## ऑनलाइन गेमिंग एप्स
मुरारी गुप्ता



# अकर्मण्यता के जाल में युवा ऊर्जा

जयपुर जिले के कुणाल सिंह को कुछ सालों पहले आईपीएल देखने का चस्का लगा था। मोबाइल पर आईपीएल देखते-देखते वह इसी खेल से जुड़े ऑनलाइन गेम एप में रजिस्टर हो गया। अब क्रिकेट देखने के साथ एप पर खेलने का चस्का लगा। क्रिकेट से ज्यादा एप का शौक पैदा हुआ। कुछ पैसे खाते में आने लगे। उसका चस्का और बढ़ा। पैसा जीतने और हारने के खेल में उसने अपना घर गिरवी रख दिया। घर गिरवी रखने के बाद अब उसकी मानसिक हालात ऐसी है कि वह पागलों की तरह व्यवहार करने लगा है। आये दिन घर में पत्नी और बच्चों के साथ मार-पीट और जैसे-तैसे उधार लेकर नशा उसका रूटीन बन गया है। सड़क के ऊपर चमचमाते बोर्डों पर बड़ी खेल और फिल्म शख्सियतों की तस्वीरों के साथ दिखाए जा रहे रातों-रात अमीर होने के सपनों में देश के युवा किसी गहरी,अनजानी और अकर्मण्यता की सुनसान गली में धंसते जा रहे हैं। यह ऐसी संकरी गली है, जिसकी संकरी दीवारों पर चमचमाते ख्वाब उगे हुए हैं, मगर उनकी जड़ें उंगली भर भी नहीं है। यह लत की संकरी गली है, जिसमें वापसी का कोई रास्ता नहीं है। कई बार यह संकरी गली जीवन के बर्बाद होने और आत्महत्या के महासागर में भी मिल जाती है। तकनीक के विकास के साथ ऑनलाइन गेमिंग एप्स युवाओं के जीवन का दिलचस्प अंग बन चुके हैं। हालांकि, ये एप्स मनोरंजन और कौशल विकास के कुछ अवसर प्रदान कर सकते हैं, लेकिन इनके बढ़ते प्रभाव ने समाज में अनके तरह की चिंताएं पैदा कर दी है। ऑनलाइन सट्टेबाजी, फैंटेसी गेम्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स ने नई पीढ़ी को आर्थिक और मानसिक रूप से बुरी तरह झकझोर दिया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन्हें युवा पीढ़ी अपना भाग्य समझती है, अपना सितारा समझती है, वे सितारे ही इन गेम्स को प्रमोट करते नजर आते हैं। इनमें कुछ तो पद्मश्री प्राप्त सितारे भी हैं। बड़ी सेलिब्रिटीज और क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा इनका प्रचार किए जाने से इन गेम्स को सामाजिक स्वीकृति मिल रही है। यह एक गंभीर मुद्दा है। ऑनलाइन गेमिंग एप्स का सबसे बड़ा नकारात्मक प्रभाव युवाओं की उत्पादकता पर पड़ रहा है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि गेमिंग की लत नई पीढ़ी में एकाग्रता की कमी के साथ उनमें मानसिक तनाव और आक्रामकता को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत में लॉटरी गैर कानूनी है। देश में लॉटरी रेगुलेशन एक्ट-1998 लागू है। ये एक्ट साफ तौर पर लॉटरी खेलने पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि इसमें एक छूट दे रखी है कि अगर राज्य सरकारें अपनी आधिकारिक लॉटरी चलाना चाहें, तो ऐसा कर सकती हैं। हालांकि कुछ राज्यों में अब भी लॉटरी चल रही हैं, लेकिन फैंटेसी गेम्स के नाम पर अब कई ऑनलाइन गेम्स चल रहे हैं, जिसे वैधानिक छूट भी प्राप्त है। हालांकि कुछ राज्य सरकारों ने इन फैंटेसी गेम एप्स पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। इन गेम्स को कौशल आधारित खेल बताया जाता है, जिसमें गेम खेलने वाला कथित तौर पर अपने कौशल का उपयोग कर टीम बनाता है, और गेम खेलता है। ऑनलाइन गेमिंग के साथ अंतर केवल इतना है कि यह अब डिजिटल हो गया है और बड़ी-बड़ी हस्तियां इसे प्रमोट कर रही हैं। विज्ञापनों में दिखाया जाता है कि ये गेम्स मनोरंजन और कौशल के लिए हैं, लेकिन असल में ये जुए को ही बढ़ावा देते हैं। युवाओं पर इनका गहरा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे अपने आदर्शों को फॉलो करते हैं। बड़ा सवाल क्या यह है कि क्या यह नैतिक रूप से उचित है? बड़ी हस्तियों का समाज पर प्रभाव होता है। यदि वे नैतिक जिम्मेदारी निभाएं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। राज्य को ऑनलाइन गेमिंग एप्स को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाने चाहिए। गेमिंग रेगुलेशन बनाकर एक स्पष्ट कानून बनाना चाहिए जिससे इन एप्स की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। सेलिब्रिटीज को ऐसे गेम्स के प्रचार से रोका जाए। इन प्लेटफॉर्म्स पर 21 वर्ष से कम आयु के लोगों की भागीदारी पर रोक लगनी चाहिए। युवाओं को सिखाया जाए कि कैसे सही तरीके से निवेश किया जाए और आर्थिक नुकसान से बचा जाए। समाज के स्तर भी जागरूकता की आवश्यकता है। माता-पिता को बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचने के उपायों पर चर्चा होनी चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग एप्स, विशेष रूप से सट्टा आधारित खेल, समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। यदि सरकार और समाज ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है। एक पूरी पीढ़ी अकर्मण्यता की शिकार हो सकती है, जिसका खामियाजा अंततः देश और समाज को होगा।

(लेखक उपन्यासकार और डीडी न्यूज में संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ट्रंप के टैरिफ से सकते में दुनिया



## विश्लेषण
ऋतुपर्ण दवे

उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा ईर्ष्या भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप को घर कर गई। कहीं बदली हुई परिस्थितियों में अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

ट्रंप के मन में टैरिफ को लेकर आया विचार एकाएक नहीं है। उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है, जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप के मन में घर कर गई और उनके मन में एक गांठ बन गई। हालांकि उसी दौर में उन्हें नकदी की जबरदस्त जरूरत हुई और मजबूरन जापान की ओर आस भरी निगाहों से देखने लगे, लेकिन ट्रंप 1980 के दशक से ही इस बात से बखूबी वाकिफ थे कि मशहूर जापानी निवेशक रॉकफेलर अमेरिकी ब्रांड्स और संपत्तियों के अधिग्रहण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे उनके नजरिये में ऐसा बदला जो आज आयात पर टैरिफ के सच के रूप में हम सबके सामने है। यहीं से उनके दिमाग में अमेरिका का राष्ट्रपति बनने का मंसूबा भी बना और वो लंबी रणनीतियों और विचारों को लोगों से सार्वजनिक मंच पर जाहिर भी करने लगे।

वर्ष 1987 में ट्रंप की किताब 'ट्रंप- द आर्ट ऑफ द डील' में अमेरिकी व्यवसाय पर उनकी विस्तृत सोच के साथ मंशा भी झलकती है। लोकप्रिय द ओपरा शो के होस्ट ओपरा विनफ्रे के साथ भी तभी एक लाइव कार्यक्रम में उनका साफ-साफ कहना कि अमेरिकी विदेश व्यापार नीति को वो कैसे सबसे अलग तरीके से संभालेंगे और इससे अमेरिका के लिए सही कीमत वसूलेंगे उनका रणनीतिक शो था। इतना ही नहीं ट्रंप ने अपने विचारों को एक खुली चिट्ठी के रूप में अमेरिका के सर्वाधिक लोकप्रिय तीन समाचार पत्रों में भी बतौर विज्ञापन प्रकाशित करवाया, जिसमें उनके एक लाख डॉलर खर्च हुए थे। मतलब उनका नजरिया पहले ही साफ हो चुका था। यहां यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उनकी सोच और वास्तविकता में तब और अब में काफी फर्क है। आज अमेरिका का सबसे बड़ा प्रतिद्वन्दी चीन है न कि जापान। 1990 के दशक के युवा रियल एस्टेट डेवलपर डोनाल्ड ट्रंप की सोच आज भी वही है, जबकि धरातल पर समय के साथ काफी कुछ बदल गया है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं। बतौर राष्ट्रपति और व्यवसायी ऐसी सोच अंतरराष्ट्रीय हितों के खिलाफ हो सकती है। जैसा कि साफ झलक रहा है, इससे अमेरिका में विदेशी व्यापारिक निवेश घटेगा जिसका अंतरराष्ट्रीय गठबंधन पर भी असर पड़ेगा। सौ देशों की अमेरिकी 'डिस्काउंटेड रेसिप्रोकल टैरिफ' वाली सूची में भारत भी शामिल है, जिस पर 26 प्रतिशत टैरिफ है जो कई एशियाई देशों की तुलना में कम है। भले ही भारत पर इसका प्रभाव अभी कम पड़े, लेकिन भविष्य को लेकर इसकी कोई गारंटी भी तो नहीं कि कब और कितना बढ़ जाए? इधर चीन ने भी अमेरिका पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिस पर तिलमिलाए ट्रंप ने 9 अप्रैल तक



इसे वापस नहीं लेने पर 50 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दे रहे हैं। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा।

वहीं दूसरी तरफ ब्लूमबर्ग की हालिया सूची बताती है कि ट्रंप के करीबी मस्क की कुल नेटवर्थ 300 अरब डॉलर के नीचे चली गई है। जनवरी 2025 से अब तक 135 अरब डॉलर यानी करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठा चुके हैं। इसी सोमवार को अमेरिकी बाजार में आई गिरावट से एलन मस्क को करीब 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जबकि बीते हफ्ते दो दिन में ही मस्क के 31 अरब डॉलर डूब गए। इस तरफ ट्रंप के अघोषित टैरिफ वार से विश्व में सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वालों की सूची में मस्क छठे क्रम पर आ चुके हैं। इस तरह से देखा जाए तो कुल मिलाकर आसार बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं।

नए बजट में ग्रामीण विकास के लिए किया गया 1,88,754 करोड़ तथा किसान कल्याण के लिए बीते बरस की तुलना में 11 प्रतिशत ज्यादा यानी 1.71 लाख करोड़ रुपयों का बजट में प्रावधान बताता है कि हमने अपने आर्थिक मोर्चों पर कैसी तैयारी कर रखी है। यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही 02 अप्रैल 2025 को अमेरिका का मुक्ति दिवस बता रहे हों, लेकिन जिस तरह से दुनियाभर के शेयर बाजार धराशायी हुए, उससे कुछ अलग ही समझ आ रहा है। ट्रंप भले ही कहें कि हमारे करदाताओं को 50 से अधिक वर्षों से लूटा जा रहा है, लेकिन रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने वाला उनका आदेश उनकी ईर्ष्या, खीझ और अजीब सी दूरगामी सोच का ही दर्शाता है। इसमें कोई संदेह नजर नहीं आ रहा है।

अब अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर यूरोपीय यूनियन के टैरिफ के लिए 9 अप्रैल का इंतजार करना होगा, जिस पर मतदान होना है। यदि यह भी जस का तस जैसे रहा तो आसार और बिगड़ सकते हैं। पहले ही दुनियाभर के शेयर बाजार धड़ाम हो चुके हैं और खुद अमेरिका भी इसके असर से अछूता नहीं है।


ट्रंप का अमेरिका में ही विरोध होने लगा है। उन्हें न केवल तानाशाह, बल्कि अर्थव्यवस्था को तहस-नहस करने वाला सनकी तक कहा जाने लगा है। सभी पचास राज्यों में 150 संगठनों का 1200 से ज्यादा प्रदर्शनों में हजारों का जुटना बताता है कि चिंता कितनी गंभीर है। 'हैंड्स ऑफ' नाम के इस प्रदर्शन में शनिवार को हजारों लोग जुटे। 2017 में महिला मार्च और 2020 में ब्लैक लाइव्स आन्दोलन के बाद ट्रंप का ऐसा भारी विरोध हो रहा है। इसके साथ ही एक अहम बात यह भी है कि एलन मस्क का दखल भी अमेरिकियों को पसंद नहीं आ रहा है। उन पर नौकरी में छंटनियों के मंसूबों सहित सत्ता हथियाने जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं। इधर भारत और खुद अमेरिका सहित दुनियाभर के शेयर बाजारों में बीते सोमवार को खुलते ही जबरदस्त तो कहीं ऐतिहासिक गिरावट देखी जा रही है। निश्चित रूप से इसे शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है।

व्यावसायिक हितों और तमाम दूसरे मामलों में सतर्क दुनिया ने एकजुट होकर ट्रंप को जवाब देना शुरू कर दिया है, जिससे वैश्विक ट्रेड वार की आशंका बढ़ गई है। काश ऐसा नहीं होता और डोनाल्ड ट्रंप समझदारी और विवेक से काम लेते। दुनिया में कम से कम खुशहाल इंसानियत के लिए तो सौदेबाजी से बचा जाए, लेकिन ट्रंप नहीं माने और बदली हुई परिस्थितियों में बाकी सभी एकजुट हो आपदा में अवसर तलाशने लगें तो कहीं अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
**दर्शन**

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहां जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहां चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियां हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## चरक अनुष्ठान



*पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बंगाली कैलेंडर वर्ष के अंतिम दिन मनाए जाने वाले चरक अनुष्ठान से पहले देवी काली की पोशाक पहने एक भक्त।*

## आज की पाती

### व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही स्थिर व्यक्तित्व

आज व्यक्ति दो व्यक्तित्व का जीवन जी रहा है। एक उसका बाहरी व्यक्तित्व है जिसे उसके आसपास का वातावरण नियंत्रित करता है। यह व्यक्तित्व परिवर्तनशील है। बाहरी वातावरण के बदलने से यह भी बदल जाता है। उदाहरणतः व्यक्ति जब किसी धार्मिक या आध्यात्मिक वातावरण के संपर्क में आता है तो उसके संपूर्ण व्यक्तित्व में सात्विकता को अनुभव किया जा सकता है और जब बाहरी वातावरण भौतिकवादी होता है तो व्यक्तित्व में भी भौतिकता दृष्टिगोचर होती है। दूसरा है आंतरिक व्यक्तित्व, जो बाहरी वातावरण के कारकों से अप्रभावित रहता है। व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही उसका एक स्थिर व्यक्तित्व हो सकता है। आज हर कोई काफी कुछ होने के बावजूद असंतुष्ट है।

*– पवन यादव, बालोद*

## ट्रेंड

### परिवर्तनकारी सुधार किए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईपीएफओ ने अपने सदस्यों के लिए जीवन को और आसान बनाने के लिए पिछले एक साल में कई परिवर्तनकारी सुधार किए हैं। इन सुधारों के कारण दावों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**- मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### इजराइली बंधकों का दर्द सुना



मैं फिर से इज़रायली बंधकों के रिश्तेदारों से मिला और उनका सुना। मैंने उनके क्रूर अपहरण और भयानक व्यवहार के लिए हमास की निंदा की। मैंने सभी बंधकों को तुरंत और बिना शर्त रिहा करने के अपने आह्वान को दोहराया।

**-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव**

### भाजपा की सत्ता की प्यास



भाजपा की सत्ता की प्यास के आगे कोई प्यास महत्त्व नहीं रखती है। हृदयहीन भाजपा को मन में दयाभाव रखने वाले लोग पसंद नहीं हैं, इसीलिए जिस कर्मचारी ने प्यासे जानवरों को पानी पिलाया, उसी को भाजपा सरकार ने निलंबित कर दिया।

**-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख**

### मुंबई कभी नहीं सोता




अभी भी हम मुंबई में एक ऐसा शहर पा सकते हैं जो कभी नहीं सोता और बड़े सपने देखता है, अजनबी जो आपकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, देश का सबसे बढ़िया खाना, एक ऐसा समुद्र जो आपकी उथल-पुथल को शांत कर देगा।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# 11वें योग दिवस की वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से उलटी गिनती शुरू


न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75 दिन की उलटी गिनती की औपचारिक शुरुआत हुई। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने "योग दिवस में 75 दिन शेष" नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 21 जून को दुनिया भर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा है। बारिश भरी सोमवार की सुबह, मैनहट्टन और न्यू जर्सी के विहंगम दृश्यों के बीच यह योग सत्र 1,776 फुट ऊंची वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर स्थित 'वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी' में संपन्न हुआ। भारत के वाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लगभग एक घंटे का योग सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिनों की उलटी गिनती के उत्सव का प्रतीक है। 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' की प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक रुचिका लाल ने इस विशेष सत्र का नेतृत्व किया जिसमें उप वाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, छात्र और योग प्रेमी शामिल हुए। भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल से बिनय प्रधान ने आत्मिक योग सत्र के साथ उलटी गिनती की शुरुआत की।'



## ऑफ बीट

# विलुप्त प्रजाति 'डायर वुल्फ' से मिलते-जुलते भेडिये मिले

विलुप्त हो चुके 'डायर वुल्फ' से मिलते–जुलते, आनुवंशिक रूप से रूपांतरित तीन भेड़िये अमेरिका में एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। यह जानकारी लुप्त प्रजातियों को वापस लाने के लिए काम कर रही कंपनी ने दी। 'कोलोसल बायोसाइंसेज' के शोधकर्ताओं ने बताया कि भेड़ियों के इन शावकों की उम्र तीन से छह महीने के बीच है, इनके लंबे एवं सफेद बाल हैं, मांसल जबड़े हैं और इनका वजन लगभग 80 पाउंड है जो उनके वयस्क होने पर 140 पाउंड तक पहुंच जाएगा। 'डायर वुल्फ' 10,000 वर्ष से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे।स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने कहा कि इस नवीनतम प्रयास का अर्थ यह नहीं है कि निकट भविष्य में 'डायर वुल्फ' उत्तर अमेरिका के घास के मैदानों में फिर से नजर आएंगे। बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच ने कहा कि 'अब आप बस इतना ही कर सकते हैं कि किसी जीव को सतही तौर पर किसी और जीव जैसा बना दें'', लेकिन विलुप्त प्रजातियों को पूरी तरह से पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। लिंच इस शोध में शामिल नहीं थे। वैज्ञानिकों ने जीवाश्मों से प्राचीन डीएनए की जांच करके 'डायर वुल्फ' के विशिष्ट लक्षणों के बारे में पता लगाया।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# कल्याण और कीर्ति के बीच वॉटसएप चैट ग्रुप 'एआईटीसी एमपी 2024' में हुई कहासुनी

## भाजपा ने टीएमसी के सांसदों के आपसी विवाद और मतभेदों को किया उजागर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के आपसी विवाद के वीडियो और वाट्सऐप ग्रुप में हुई कथित चैट के स्क्रीनशॉट भी शेयर सार्वजनिक कर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पर चुटकी ली। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कुछ दिन पहले की तृणमूल कांग्रेस के सांसदों में हुई कथित नोकझोंक का वीडियो शेयर किया।

इसमें टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी को अपने सहयोगी सांसद पर चिल्लाते हुए सुना जा सकता है। टीएमसी के कुछ सांसद उन्हें यह कहते हुए शांत करने की कोशिश कर रहे हैं कि यह एक सार्वजनिक जगह है, लेकिन कल्याण बनर्जी उनकी बात अनसुनी करते सुने जा सकते हैं। अमित मालवीय ने टीएमसी सांसदों के एक वाट्सऐप ग्रुप में हुई कथित चैट के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए हैं। मालवीय पश्चिम बंगाल में भाजपा के सह प्रभारी भी हैं। उन्होंने जिस वीडियो को शेयर किया है, वह नई दिल्ली में चुनाव आयोग मुख्यालय का बताया जा रहा है। इस विवाद पर कल्याण बनर्जी ने कहा कि पार्टी की एक महिला नेता उन पर चिल्लाते हुए बहस की। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने सांसदों से शांत रहने और विवाद और न बढ़ाने के लिए कहा है।



मालवीय ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा, 'चार अप्रैल को टीएमसी के दो सांसद चुनाव आयोग के मुख्यालय में सरेआम आपस में भिड़ गए, वहां वे एक ज्ञापन देने गए थे। ऐसा लगता है कि पार्टी ने अपने सांसदों को चुनाव आयोग जाने से पहले ज्ञापन पर दस्तखत करने के लिए संसद कार्यालय में जमा होने का निर्देश दिया था। हालांकि, ज्ञापन लेकर जाने वाले सांसद संसद की बैठक में शामिल नहीं हुए और सीधे निर्वाचन आयोग चले गए।' उन्होंने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने दोनों सांसदों को कथित तौर पर पद छोड़ने को कहा है।

मालवीय ने लिखा है, इससे एक अन्य सांसद नाराज हो गए। आयोग में जब वे दोनों आमने-सामने आए तो भिड़ गए। उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई और दोनों एक-दूसरे पर चिल्लाने लगे। बात इतनी बढ़ गई कि उनमें से एक ने वहां मौजूद पुलिस कर्मियों से हस्तक्षेप करने को कहा। यह मामला ममता बनर्जी तक पहुंच गया, उन्होंने कथित तौर पर दोनों सांसदों को पद छोड़ने को कहा है।

चुनाव आयोग से शुरू हुआ यह विवाद व्हाट्सएप चैट ग्रुप 'एआईटीसी एमपी 2024' तक पहुंच गया। वहां कल्याण बनर्जी ने 'बहुमुखी प्रतिभा की अज्ञात अंतरराष्ट्रीय महिला' की चर्चा की। इस पर उनकी दुर्गापुर से पार्टी सांसद और पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद से कहासुनी हो गई। इस चैट में कई आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए हैं।

### यह चैट कुछ इस तरह से हुई

**कल्याण बनर्जी:** आज मैं उस सज्जन को बधाई देता हूं, जिन्होंने बहुमुखी अंतरराष्ट्रीय महिला की सुंदर गतिविधियों को खोला। उस दिन उसका एक भी पुरुष मित्र उसके पीछे नहीं खड़ा था। यह मूर्ख व्यक्ति जिसे वह बीएसएफ से गिरफ्तार करवाना चाहती थीं, उसके पीछे खड़ा था। आज निश्चित रूप से 30 साल का प्रसिद्ध खिलाड़ी मुझे गिरफ्तार करवाने के लिए उसके पीछे खड़ा था।

**कीर्ति आजाद:** आराम से रहो कल्याण। तुमने बहुत पी ली है। एक नाबालिग अपराधी की तरह व्यवहार मत करो। तुम्हें दीदी ने तुम्हारे साथ-साथ सभी के लिए एक बहुत गंभीर जिम्मेदारी सौंपी है। इसलिए आराम करो, अच्छी नींद लो। एक वयस्क की तरह व्यवहार करो। किसी को भड़काओ मत।

**बनर्जी:** कीर्ति, मुझे सलाह मत दीजिए। आपको भाजपा से आंतरिक राजनीति करने के कारण बाहर निकाल दिया गया था। आप कल पार्टी को बेचना चाहते थे। आप अभी भी आंतरिक राजनीति करने में माहिर हैं।

### कल्याण बनर्जी ने कीर्ति आजाद को घेरा

मालवीय की ओर से वीडियो और चैट शेयर किए जाने के बाद कल्याण ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने बर्धमान-दुर्गापुर से अपनी पार्टी के सांसद कीर्ति आजाद का नाम तो लिया लेकिन उस महिला सांसद का नाम नहीं लिया, जिसे वो बहुमुखी प्रतिभा की अंतरराष्ट्रीय महिला कह रहे हैं। इस बीच ऐसी खबरें हैं कि कल्याण बनर्जी महुआ मोइत्रा को बहुमुखी प्रतिभा की अंतरराष्ट्रीय महिला कह रहे हैं। हालांकि किसी भी पक्ष ने उनका नाम नहीं लिया है। बनर्जी ने महिला सांसद का नाम लिए बिना कहा, उन्होंने कभी सीपीएम के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ी। वह 2009 के बाद कांग्रेस नेता की दोस्त के तौर पर पार्टी में आईं और जिले की राजनीति में उतरीं।

### बहुमुखी अंतरराष्ट्रीय महिला कौन है?

मालवीय ने लिखा है कि इन सबके बीच यह सवाल अभी भी बना हुआ है कि वास्तव में बहुमुखी अंतरराष्ट्रीय महिला कौन है? यह रहस्य दुनिया को सुलझाना है। सूत्रों के मुताबिक ममता बेहद परेशान हैं और व्यक्तिगत तौर पर इस मामले को देख रही हैं। इसमें आंतरिक विवाद और निजी चैट के स्क्रीनशॉट लीक होना भी शामिल है। उन्होंने नेताओं को कोई भी इंटरव्यू देने और बयान देने से बचने को कहा है।

**चैट और वीडियो ने पार्टी को बदनाम किया है: सौगत**

टीएमसी के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत रॉय ने कहा है कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से इस घटना की जानकारी नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा कि चैट और वीडियो ने पार्टी को बदनाम किया है।

## खबर संक्षेप

### अपूर्वा को एसिड अटैक और मौत की धमकियां



**मुंबई।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मखीजा' इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के बाद मंगलवारको अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया। उन्हें धमकी के सैकड़ों कमेंट, संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। इसमें एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।

### लोगों ने प्रसाद नहीं लिया तो दुकानदारों ने पीटा



**लखनऊ।** चंद्रिका देवी मंदिर के पास प्रसाद बेचने वाले दुकानदारों की गुंडई सामने आई है। दुकानदारों ने एकजुट होकर श्रद्धालुओं को दौड़ाकर पीटा। श्रद्धालुओं ने एक दुकानदार से प्रसाद लेने से मना कर दिया था। हमले में 2 महिला श्रद्धालुओं को भी चोट आई है। पुलिस ने 11 नामजद और 4 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। 5 को अरेस्ट किया है।

### अयोध्या कैंट सुपरफास्ट में बम की सूचना, हड़कंप



**प्रयागराज।** अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में बम मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। ट्रेन को प्रयागराज के जंघई रेलवे स्टेशन पर रोका गया। जंघई जंक्शन पर ट्रेन को चेक किया गया। प्रयागराज से बम निरोधक दस्ता को बुलाया। 2 घंटे तक ट्रेन खड़ी है। किसी ने जीआरपी को सूचना दी कि एक महिला बम लेकर चल रही है।

### पूर्व क्रिकेटर केदार भाजपा में शामिल



**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव क्रिकेट के बाद राजनीति में अपनी पारी शुरू करने वाले हैं। मंगलवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में केदार भाजपा में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के मंत्री और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। बावनकुले ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसके साथ ही उन्हें बधाई भी दी है।

## तमिलनाडु मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को दी नसीहत

*राज्यपाल रवि और सीएम स्टालिन में तनातनी*

# विधानसभा का गला न दबाएं, किसी भी बिल को अनंत काल तक न रोकें

*भले ही संविधान में समयसीमा का जिक्र न हो, लेकिन राज्यपाल बिल नहीं लटका सकते*

*ये भी कहा- राज्यपाल के पास ऐसा कोई 'बड़ा पावर' प्राप्त नहीं*





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के राज्यपाल टीएन रवि और सीएम एमके स्टालिन के बीच मतभेद की खबरें जगजाहिर हैं। राज्यपाल ने पिछले दिनों विधानसभा की ओर से मंजूर 10 विधेयकों को रोक लिया था। उन पर कोई फैसला नहीं लिया गया था, जबकि उन्हें एक बार लौटाने के बाद फिर से पारित करके भेजा गया था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो अदालत ने गवर्नर टीएन रवि को नसीहत दी और कहा कि आपके पास ऐसी कोई वीटो पावर नहीं है कि बिल को रोके रखें। यही नहीं अदालत ने कहा कि भले ही संविधान में समयसीमा का जिक्र नहीं है, लेकिन राज्यपाल अनंतकाल के लिए तो विधेयकों को अटका कर नहीं रख सकते। यही नहीं अदालत ने लोकतंत्र और विधायकों को जनता द्वारा चुने जाने की भी दुहाई दी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि आजकल ऐसे मामले बढ़ रहे हैं, जब गवर्नर बिलों को रोक लेते हैं। ऐसा करना गलत है और यह विधानसभा का गला दबाने जैसा है।

### 'वीटो' की अवधारणा नहीं अपना सकते



#### राष्ट्रपति की मंजूरी को बिल को सुरक्षित रखना अवैध

सुप्रीम कोर्ट ने माना कि तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए 10 विधेयकों को सुरक्षित रखना कानूनन अवैध और त्रुटिपूर्ण है और रद्द किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को राज्य विधानमंडल की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार द्वारा विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर मंजूरी न देने के लिए राज्य के राज्यपाल आरएन रवि के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुना रहा था।

संविधान का अनुच्छेद 200 विधेयकों को स्वीकृति से संबंधित है। पीठ ने कहा कि राज्यपाल सहमति को रोक नहीं सकते और 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। उसने कहा कि राज्यपाल एक ही रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होते हैं- विधेयकों को स्वीकृति देना, स्वीकृति रोकना और राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखना। पीठ ने कहा, वे विधेयक को दूसरी बार राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद उसे राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे जाने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने यह भी कहा कि राज्यपाल को दूसरी बार उनके समक्ष प्रस्तुत किए गए विधेयकों को मंजूरी देनी चाहिए, अपवाद केवल तब रहेगा जब दूसरे चरण में भेजा गया विधेयक अलग है।

**बाधा नहीं बनें**

### शीर्ष कोर्ट ने ये भी टिप्पणियां की

- राज्यपालों को यह विचार करना चाहिए कि वे किसी विधेयक के रास्ते में बाधा न बनें। ऐसा करना विधानसभा का गला दबाने जैसा होगा। राजनीतिक कारणों से विधानसभा से पारित विधेयकों को रोके रखना ठीक नहीं है। विधानसभा के सदस्यों को जनता के द्वारा चुना जाता है। लोकतंत्र की प्रक्रिया के तहत चुनाव होता है और जनता की अभिव्यक्ति के माध्यम से कोई विधायक बनता है। वे जनता के हितों की पूर्ति के लिए प्राथमिक तौर पर जिम्मेदार होते हैं।
- राज्यपालों को संसदीय लोकतंत्र के अनुसार काम करना चाहिए। उन्हें जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और चुने हुए प्रतिनिधियों की ओर से पारित विधेयकों को अनंतकाल के लिए नहीं रोकना चाहिए।
- अदालत ने कहा कि राज्यपालों को राज्य सरकार के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। उन्हें एक दार्शनिक की तरह गाइड करना चाहिए और अपनी कोई राजनीतिक मंशा निर्णय में नहीं थोपनी चाहिए। राज्यपाल की शपथ भी यही होती है।
- मतभेदों और संघर्ष के इस दौर में राज्यपाल को समन्वय स्थापित करना चाहिए। उन्हें कोशिश करनी चाहिए कि राज्य का कामकाज अच्छे से चले। उन्हें अपने विवेक से वे फैसले लेने चाहिए, जिससे राज्य का हित हो। यथास्थिति बनाए रखना या फिर किसी चीज को रोकना उनका काम नहीं है। वह एक सहयोगी हो सकते हैं, लेकिन अवरोधक नहीं।

## स्पेशल कोर्ट ने सजा का किया ऐलान

# 8 ब्लास्ट, 71 मौतें और अब 4 आतंकियों को दी उम्रकैद



एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान की राजधानी 17 साल पहले सीरियल बल धमाकों से दहल गई थी। अब मामले में दोषी पाए जाने वाले चार आतंकवादियों को मंगलवार को स्पेशल कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। इससे पहले शुक्रवार को कोर्ट ने चारों आतंकियों सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट के फैसले पर पीड़ितों की प्रतिक्रिया भी सामने आई।जयपुर बल ब्लास्ट की घटना साल 2008, 13 मई को हुई। जब लगातार 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे, 9वां बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे डिफ्यूज कर दिया गया था।

### जीवनकाल तक जेल में रहना होगा

इन धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 185 घायल हुए थे। पूरे देश में घटना से हाहाकार मच गया था। मामले में 17 साल बाद फैसला आया है। मंगलवार को सजा पर बहस के दौरान सरकारी वकील स्पेशल पीपी सागर तिवाड़ी ने दोषियों को शेष जीवनकाल तक जेल में रखने की सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों का कृत्य गंभीरतम अपराध है। इनके साथ किसी भी सूरत में नरमी नहीं बरती जा सकती।

### आरोपियों ने सजा कम करने की मांग की

आरोपियों के वकील मिन्हाजुल हक ने कहा कि दोषी 15 साल से जेल की सजा भुगत रहे हैं। अन्य 8 मामलों में हाईकोर्ट इन्हें बरी कर चुका है। ऐसे में उन्हें कम सजा दी जाए। उनके वकील ने कोर्ट के फैसले के बाद कहा कि फैसले की कॉपी नहीं आई है। आधा घंटा का समय बाकी है, कोर्ट ने सभी गवाहों के बयान को कंसीडर करके अपना मत व्यक्त किया है। आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उसके आधार पर हाईकोर्ट में अपील की जाएगी। 600 पेज का फैसला है, उसे पढ़ने के बाद बता पाएंगे।

## कांग्रेस नेता जूली के मंदिर जाने पर

# गंगाजल से किया 'शुद्धिकरण' तो आहूजा भाजपा से निलंबित

एजेंसी ▶▶ अलवर

कांग्रेस नेता टिकाराम जूली के एक मंदिर में जाने के बाद वहां गंगाजल से 'शुद्धिकरण' करने पर भाजपा ने अपने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। यह मंदिर अलवर जिले में है।

इस घटना के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर दलित विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से माफी की मांग की थी। जिसके बाद पार्टी आलाकमान ने आहूजा पर कार्यरवाई की है। जूली एक दलित नेता हैं और उन्होंने राम मंदिर में एक पूजा समारोह में हिस्सा लिया था।



उनके वहां जाने के बाद आहूजा ने गंगाजल छिड़ककर 'शुद्धिकरण' किया। इस घटना के बाद से कांग्रेस ने आहूजा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री दमोदर अग्रवाल ने मंगलवार को आहूजा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और 3 दिन के भीतर जवाब देने को कहा।

# छग और ओडिशा के बीच महानदी विवाद सुलझाना केंद्र की प्राथमिकता

*राज्यों के बीच जल बंटवारे विवाद पर केंद्र गंभीर, मध्यस्थता के लिए बनाया जा रहा है फार्मूला*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विभिन्न राज्यों के बीच लंबे समय से चले आ रहे जल बंटवारे के विवादों पर केंद्र सरकार ने गंभीर रुख अख्तियार करते हुए भाजपा शासित प्रदेशों के बीच मामले को सुलझाने की कोशिश करती नजर आएगी। इसकी शुरूआत छत्तीसगढ़, ओडिशा के बीच 1983 से चला आ रहा महानदी विवाद को सुलझाने से की जा सकती है।

बाकी अन्य 9 जल बंटवारे का विवाद ऐसे राज्यों के बीच है जहां अन्य दलों की सरकारे हैं चाहे, पंजाब हरियाणा सतलुज जल बंटवारे का मामला हो या फिर झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच दामोदर नदी, हिमाचल पंजाब के बीच राबी नदी का मामला और चाहे केरल और तमिलनाडु के बीच मुल्लापेरियार बांध से उपजे आपसी तनाव का मसला हो। सत्ता प्रतिष्ठान से जुडे विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि टिब्यूनल के बीच मामला हो या फिर सुप्रीम कोर्ट के पास, राज्यों के बीच हितों का टकराव न हो इसकी कोशिश की जाएगी। जल बंटवारे का मामला सियासी रंग न ले इसकी भी कोशिश होगी। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर जलशक्ति मंत्रालय में एक फार्मूले पर काम किया जा रहा है। फार्मूले की टेस्टिंग छत्तीसगढ और ओडिशा के बीच महानदी विवाद को लेकर की जाएगी।

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच महानदी जल विवाद चार दशकों से अधिक समय से चला आ रहा है। यह विवाद मुख्य रूप से



महानदी के पानी के बंटवारे और इसके उपयोग को लेकर है, जिसमें ओडिशा का दावा है कि छत्तीसगढ़ द्वारा ऊपरी क्षेत्र में बनाए गए बांधों और बैराजों के कारण उसके हिस्से का पानी कम हो रहा है, जबकि छत्तीसगढ़ का तर्क है कि उसे अपने विकास के लिए नदी के जल का अधिकार है। अब जब दोनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं और केंद्र में भी भाजपा का शासन है, इस विवाद के समाधान की संभावनाएं कई दृष्टिकोणों से प्रबल हुई हैं।

महानदी छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के सिहावा पर्वत से निकलती है और ओडिशा के संबलपुर में हीराकुद बांध से होकर बंगाल की खाड़ी तक जाती है, दोनों राज्यों के लिए जीवनरेखा है। विवाद की शुरुआत 1983 में हुई, जब छत्तीसगढ़ अभी मध्य प्रदेश का हिस्सा था। ओडिशा ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में बन रहे बांध, जैसे गंगरेल और रुद्री बैराज, हीराकुद बांध तक पानी के प्रवाह को प्रभावित कर रहे हैं। 2000 में छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद यह विवाद और गहरा गया। ओडिशा ने 2016 में केंद्र सरकार से अंतर-राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 के तहत शिकायत दर्ज की, जिसके बाद 2018 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर महानदी जल विवाद ट्रिब्यूनल का गठन हुआ। हालांकि, ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट अभी तक पूरी तरह से सामने नहीं आई है, और इसका कार्यकाल मार्च 2023 में समाप्त होने के बाद बढ़ाया गया है।

मार्च 2025 में, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से भुवनेश्वर में मुलाकात की। इस बैठक में महानदी जल विवाद पर सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि इस मुद्दे का हल बातचीत और सहयोग से निकाला जाएगा।

## भाजपा नेता के घर में ब्लास्ट

# यहां पाक कनेक्शन आ रहा सामने, लॉरेंस का भी नाम

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मनोरंजन कालिया के जालंधर वाले घर पर सोमवार देर रात बड़ा धमाका हुआ। इस विस्फोट में कालिया के घर की खिड़कियों के शीशे टूट गए और एल्युमीनियम की दीवार (पार्टिशन), आंगन में खड़ी उनकी एसयूवी और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई।

हालांकि पुलिस ने बताया है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं 2लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। अब इस हमले के तार आईएसआई से जुड़ते दिख रहे हैं। पंजाब पुलिस के सूत्रों ने



दावा किया है कि हमले के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। वहीं लॉरेंस बिश्नोई गैंग के जरिए इस हमले को अंजाम दिया गया है। पुलिस का कहना है कि 12 घंटे में इस केस को सुलझाया गया है। दरवाजे, खिड़कियां, कार और बाइक को नुकसान पहुंचा है। अब इसकी पड़ताल की जा रही है।

## वक्फ के नए कानून से बीजद में बवाल, एक को छोड़कर सभी ने किया था समर्थन

# राज्यसभा में संसदीय दल के नेता सस्मित पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीजू जनता दल (बीजेडी) में नए वक्फ कानून के शक्ल अख्तियार करने के बाद से भितरखाने भारी बवाल शुरू हो गया है। ठीक वैसे ही हालात हैं जैसे बिहार में जदयू के अंदरखाने चल रहा है। ये अलग बात है कि जदयू भाजपा का साथी दल है जब कि बीजेडी साथी दल न होते हुए भी संसद में वक्फ विधेयक के खिलाफ वोट डालने अपने सांसदों को व्हिप जारी नहीं किया था। लिहाजा, राज्यसभा में एक सांसद को छोड़कर सभी ने विधेयक के समर्थन में वोट किया था। बीजेडी ओडिशा में दशकों शासन करने वाला प्रमुख दल है। पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बीजेडी का नेतृत्व करते हैं। खींचातान कम करने और मुस्लिम वोटरों को समझाने नवीन पटनायक ने खुद मोर्चा संभाल लिया है।

शुरुआत में, बीजेडी ने वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने का संकेत दिया था। पार्टी के राज्यसभा सांसद मुजिबुल्ला खान ने 3 अप्रैल, 2025 को राज्यसभा में चर्चा के दौरान विधेयक का विरोध किया था। यह रुख बीजेडी की पारंपरिक छवि के अनुरूप था, जो धर्मनिरपेक्षता और समावेशिता के सिद्धांतों पर आधारित रही है। ओडिशा में अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर मुस्लिम वोटरों के बीच बीजेडी का समर्थन मजबूत रहा है, और पार्टी ने इसे बनाए रखने की कोशिश की थी।

हालांकि, उसी दिन देर शाम बीजेडी के राज्यसभा में फ्लोर लीडर सस्मित पात्रा ने एक आश्चर्यजनक घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि पार्टी ने अपने सांसदों को कोई व्हिप जारी नहीं किया है और वे अपनी अंतरात्मा की आवाज के आधार पर वोट दे सकते हैं। यह यू-टर्न उस समय आया जब राज्यसभा में



विधेयक पर मतदान होने वाला था। इस फैसले ने बीजेडी के शुरुआती विरोध को कमजोर कर दिया और एनडीए को बहुमत हासिल करने में अप्रत्यक्ष रूप से मदद मिली। परिणामस्वरूप, वक्फ संशोधन विधेयक राज्यसभा में 128-95 के वोट से पारित हो गया। इसे भाजपा का बेहतर फ्लोर मैनेजमेंट कहा जा रहा है। विदित हो कि ओडिशा विधानसभा चुनाव में हाल ही में भाजपा ने बीजेडी को सत्ता से बेदखल कर ओडिशा में सत्ता के सफर की शुरूआत की है।

बीजेडी के एक वरिष्ठ नेता ने माना कि पहले विधेयक का विरोध किया, लेकिन मतदान से ठीक पहले सांसदों को स्वतंत्रता दे दी। इससे पार्टी की रणनीति और नेतृत्व पर सवाल उठे। पूर्व मंत्री प्रताप जेना और प्रफुल्ल समल जैसे नेताओं ने इस फैसले को समझ से परे बताया और राज्यसभा में पार्टी संसदीय दल के नेता सस्मित पात्रा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की।

बीजेडी ने हमेशा खुद को धर्मनिरपेक्ष और समावेशी पार्टी के रूप में पेश किया है। वक्फ विधेयक का समर्थन या तटस्थ रुख अपनाना अल्पसंख्यक समुदाय के बीच पार्टी की विश्वसनीयता को कमजोर कर सकता है। कुछ नेताओं का मानना है कि यह कदम बीजेपी के साथ अप्रत्यक्ष गठजोड़ का संकेत देता है, जो ओडिशा में बीजेडी का मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। सांसद देबाशीष समंतराय ने नेतृत्व के सलाहकारों की आलोचना की, हालांकि उन्होंने सस्मित पात्रा का बचाव किया। यह दर्शाता है कि पार्टी के भीतर नीति निर्धारण और संचार में समन्वय की कमी है। कुछ नेताओं का मानना है कि यह फैसला नवीन पटनायक के करीबी सलाहकारों द्वारा लिया गया, जिससे आधारभूत कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ी। 'वक्फ संशोधन विधेयक, 2025' नए क़ानून के तौर पर उम्मीद (यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट एंपॉवरमेंट एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) के नाम से जाना जाएगा।

## क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा

# 'एक राज्य-एक आरआरबी' 1 मई से प्रभावी

# 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक मई से देश के हर राज्य में एक ही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) मौजूद होगा। इस प्रस्ताव पर अमल के लिए वित्त मंत्रालय ने 11 राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा जिसके पूरा होते ही आरआरबी की संख्या मौजूदा के 43 से घटकर 28 रह जाएगी।

■ एक राज्य एक आरआरबी के लक्ष्य को साकार किया जाएगा

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, देश के 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा एवं राजस्थान में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एक इकाई में विलय किया जाएगा। इस तरह 'एक राज्य-एक आरआरबी' के लक्ष्य को साकार किया जा सकेगा।



### आरआरबी एकल इकाई में एकीकृत होगी

*अधिसूचना के मुताबिक, इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय की प्रभावी तिथि एक मई, 2025 तय की गई है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 की धारा 23ए(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप ये आरआरबी एक एकल इकाई में एकीकृत हो जाएंगे।*

### क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास 2000 करोड़ की अधिकृत पूंजी होगी

गुजरात में बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक और सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक को मिलाकर गुजरात ग्रामीण बैंक बनाया जाएगा। अधिसूचना के मुताबिक, सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास 2,000 करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी होगी।

### एकीकरण के पहले सरकार ने पूंजी डाली

एकीकरण के पहले इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में सरकार ने पूंजी भी डाली है। वित्त वर्ष 2021-22 में केंद्र ने दो साल की अवधि में अपने हिस्से के रूप में 5,445 करोड़ रुपये आरआरबी में डालने का फैसला किया था। वित्त वर्ष 2023-24 में आरआरबी का प्रदर्शन कई मापदंडों पर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया।

### 7571 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज

आरआरबी ने उस साल 7,571 करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया और उनका एकीकृत पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.2 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्चस्तर पर था। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2004-05 में आरआरबी के संरचनात्मक एकीकरण की पहल की थी।

### आठ राज्यों को एक में मिलाया जाएगा

इसके अलावा देश के आठ राज्यों- बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में दो-दो आरआरबी को एक में मिलाया जाएगा। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक और उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक को मिलाकर बिहार ग्रामीण बैंक बनेगा जिसका मुख्यालय पटना में होगा।

### तीन चरणों में संख्या 196 से घटकर 43 रह गई

इस सिलसिले में अबतक संचालित तीन चरणों में ऐसे संस्थानों की संख्या 2020-21 तक 196 से घटकर 43 रह गई थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का गठन आरआरबी अधिनियम, 1976 के तहत किया गया था। इनके गठन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे किसानों, कृषि मजदूरों और कारीगरों को ऋण और अन्य सुविधाएं प्रदान करना था।

## सोनालीका ने वित्त वर्ष 2025 में अब तक की सर्वाधिक ट्रैक्टर बिक्री की



नई दिल्ली। प्रमुख ट्रैक्टर और कृषि मशीनीकरण ब्रांड सोनालीका और सोलिस के संचालक इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 का समापन अब तक की सर्वाधिक 1,53,764 कुल वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री और 14.8 फीसदी कुल बाज़ार हिस्सेदारी के साथ किया है। इस दौरान घरेलू बाज़ार में सोनालीका का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा और ये कंपनी की प्रसिद्ध हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज के कारण संभव हुआ है जिसने पूरे भारत के साथ-साथ 150 देशों में लोकप्रियता हासिल करना जारी रखा है। ये वर्ष ख़ास इसलिए भी रहा क्यूंकि आई टी एल समूह को प्रतिष्ठित फॉर्च्यून 500 भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की सूची में 237वीं रैंक के साथ अपनी पहली प्रविष्टि मिली और भारत के शीर्ष 10 ऑटो ब्रांड्स में मान्यता दी गई। सोनालीका के बुनियादी मूल्य जैसे ग्राहक के प्रति जूनून और निरंतर इनोवेशन लगातार कंपनी को आगे बढ़ा रहे हैं। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने अपनी तरह की एक ख़ास नीति जैसे एक देश.एक ट्रैक्टर.एक कीमत प्रस्तुत की जो अपने ग्राहकों के लिए समानताए पूर्ण विश्वास और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। कंपनी की वेबसाइट पर ट्रैक्टर की कीमतें प्रदर्शित करना पिछले दो वर्षों से एक बेजोड़ कदम है ।

## बीओआई की चौथी तिमाही में ऋण वृद्धि 18 प्रतिशत

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का जनवरी-मार्च तिमाही में ऋण 17.84 प्रतिशत बढ़कर 2.40 लाख करोड़ रुपये हो गया। बीओएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। बैंक ने कहा कि 31 मार्च, 2024 के अंत तक उसका बकाया ऋण 2.03 लाख करोड़ रुपये था। पुणे मुख्यालय वाले इस ऋणदाता ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल जमा राशि 13.45 प्रतिशत बढ़कर 3.07 लाख करोड़ रुपये हो गई। जबकि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही के अंत तक यह 2.70 लाख करोड़ रुपये थी।


**PUBLIC NOTICE**

My husband, Late Sh. Nitin Kumar Singh, S/o Sh. Satyendra Narayan Singh R/o Barail, Supaul, Bihar, 852110, had purchased flat no - NICOLAS2-2206, Project Supertech CZAR, Situated at GH-02, Sector - Omicron-1, Greater Noida - 201308, After his death, I requested to M/s Supertech Limited to transfer the said flat to my name alone, if anybody / Financial institute has any objection, he/she may contact M/s Supertech Limited office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303 within 15 days of the Published notice.

**Shipra W/o Sh. Nitin Kumar Singh**

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that we, **Sweta Gupta** W/o **Sh. Sanjay Gupta** and **Mrs. Minal Gupta** D/o **Sh. Moti Lal Gupta, are the owner of DDA SFS Cat-II Flat No. 259** on First Floor, **Deshbandhu Apartments, Alakhnanda-A, Kalkaji, New Delhi.** We lost/misplaced Original Allocation Letter, 5th and Final Demand Letter and Site Possession Slip and other Papers of the said flat. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No:2731041/2025 dated 04/04/2025 Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No.8130140007 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (SFS) H or Asstt, Director(SFS) H, D-Block, Third Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**उत्तर रेलवे**

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 29.04.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/संपदा–I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/तिस हज़ारी के कार्य क्षेत्र में सलीम गढ़, गैस फैक्ट्री एवं मोर सराय के अति सघन क्षेत्र में अतिक्रमण रोकने के लिए चारदीवारी का निर्माण कार्य हेतु। | रुपये 7985408.00 | रुपये 159700.00 | 06 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–II के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/डी.के.जेड.–I के कार्य क्षेत्र में अत्यधिक सघन क्षेत्र में अतिक्रमण को रोकने के लिए चारदीवारी का निर्माण | रुपये 9394612.00 | रुपये 187900.00 | 04 महीने |

1. निविदा दिनांक: 29.04.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र संख्या :– 128–डब्ल्यू/269/खुली ई निविदा सूचना/टेंडर. नः 04 (ए.बी./2025–26,) डब्ल्यू. ई दिनांक: 07.04.2025 1060/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## साइंट चिप कारोबार में 10 करोड़ डॉलर करेगी निवेश

मुंबई। घरेलू प्रौद्योगिकी कंपनी साइंट ने अपने नवगठित सेमीकंडक्टर कारोबार में 10 करोड़ डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हैदराबाद मुख्यालय वाली कंपनी सितंबर तक बाहरी निवेशक से पूंजी जुटाने पर विचार कर रही है और इसके लिए कई मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति की जा रही है। कंपनी के कार्यकारी वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कृष्णा बोडानापु ने कहा कि इस धनराशि का इस्तेमाल प्रतिभा-प्रधान अनुसंधान और विकास प्रयासों में किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कितनी धनराशि जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, इसकी कोई जानकारी नहीं दी। बोडानापु ने कहा कि निदेशक मंडल ने नए उद्यम के लिए पहले ही 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है।


# शेयर बाजार में लौटी रौनक सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई के निफ्टी में 374 अंक की बढ़त रही। एशिया और यूरोप के बाजारों में मजबूती के बीच निचले स्तर पर चौतरफा लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। एक दिन पहले बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,089.18 अंक बढ़त के साथ 74,227.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,721.49 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 29 शेयर लाभ में रहे। निफ्टी भी 374.25 अंक की बढ़त के साथ 22,535.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 535.6 अंक तक चढ़ गया था।

■ तीन दिनों से जारी गिरावट पर लगा विराम

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से स्थानीय मानक सूचकांकों में अच्छी तेजी आई।



### निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में मंगलवार को आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शेयर बाजार में तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 7,32,042.69 करोड़ रुपये बढ़कर 3,96,57,703.44 करोड़ रुपये (4,620 अरब डॉलर) पर पहुंच गया।

### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में रहे। निक्की 225 में छह प्रतिशत की तेजी आई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था।

## सरकार बनी वोडाफोन-आइडिया की सबसे बड़ी हिस्सेदार

नई दिल्ली। वोडाफोन आइडिया (वीआई) क्या अब सरकार की कंपनी बन गई है? यह सवाल कई निवेशकों और ग्राहकों के मन में है, क्योंकि भारत सरकार अब इस टेलीकॉम कंपनी की सबसे बड़ी शेयरधारक बन चुकी है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि वीआई अब एक सरकारी कंपनी बन गई है। इस पूरे मामले को विस्तार से समझते हैं। पहले वोडाफोन आइडिया पर सरकार का 16,133 करोड़ रुपए का बकाया था, जो एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआई) और स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज (एसयूसी) से जुड़ा था। कंपनी के पास नकदी की भारी कमी थी, जिसके चलते वह इस बकाये का भुगतान नहीं कर सकी। 2023 में सरकार ने वीआई के इस बकाए को इक्विटी (शेयर) में बदलने का फैसला किया। इसके बाद, भारत सरकार को 33.1 प्रतिशत हिस्सेदारी मिल गई और वह कंपनी की सबसे बड़ी शेयरधारक बन गई। अब हाल ही में एक बार फिर सरकार ने वोडाफोन आइडिया (वीआई) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। भारत सरकार की हिस्सेदारी बढ़कर अब 48.99 प्रतिशत हो गई है। दरअसल, वोडाफोन आइडिया पर 36,950 करोड़ रुपए का स्पेक्ट्रम बकाया था जिसे सरकार ने इक्विटी यानी स्टॉक्स में बदल दिया।

# भारत से दो लाख करोड़ रुपए से अधिक का स्मार्टफोन निर्यात

## अकेले आईफोन का योगदान 1.5 लाख करोड़ रुपए का रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में देश में निर्मित मोबाइल फोन का निर्यात दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जिसमें 1.5 लाख करोड़ रुपये का योगदान अकेले आईफोन का है। वैष्णव ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में स्मार्टफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वैष्णव ने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। स्मार्टफोन अब भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख उत्पादों में से एक हो गया है। इस दौरान करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के आईफोन का भी निर्यात हुआ।''

■ वित्त वर्ष 2023–24 की तुलना में 54 फीसदी वृद्धि हुई



### गैर-सेमीकंडक्टर उपकरण के लिए अधिसूचना जारी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार हाल ही में घोषित 'गैर-सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण योजना' के लिए एक मसौदा अधिसूचना जारी कर रही है, जो लगभग दो सप्ताह तक परामर्श के लिए खुली रहेगी।

### भारत आईफोन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा

*दिग्गज अमेरिकी कंपनी एप्पल ने भारत में अपने लोकप्रिय आईफोन का उत्पादन कुछ साल पहले ही शुरू किया है। भारत आईफोन विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में पांच गुना से अधिक और निर्यात में छह गुना से अधिक की वृद्धि हुई है।*


**वांछित व्यक्ति**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दर्शाया गया है) नामः **अर्थात्: अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, निवासीः अज्ञात,** एक मामले में संदिग्ध/आरोपी/वांछित है। इस संबंध में **FIR No.109/2024 दिनांक 04.04.2024 U/s 454/380 IPC** के तहत **थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली** में वांछित रिपोर्ट का मामला दर्ज किया गया है।

**वांछित व्यक्ति विवरण इस प्रकार है:**

**नामः** अज्ञात, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** लगभग 20–22 वर्ष, **कदः** 5', **रंगः** गेहुंआ, **चेहराः** गोल, **बनावटः** मध्यम, **पहनावाः** आसमानी नीले रंग की टी–शर्ट और टोपी।

स्थानीय पुलिस द्वारा वांछित व्यक्ति का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है। यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली**
**DP/4444/SE/2025** **फोन नं. 8750870928**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निदिश वर्मा पुत्र** अशोक वर्मा, **निवास** एम-188, प्रेम नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली ने **FIR. No. 921/15 U/S 392/411/34 IPC. थानाः उत्तरी द्वारका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **निदिश वर्मा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **निदिश वर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 921/15 U/S 392/411/34 IPC. थानाः उत्तरी द्वारका, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **निदिश वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार नितिका कपूर**
**जेएमएफसी-06, कोर्ट नं. 514**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/4257/DW/2025**
**(Court Matter)**



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# सोना 200 रुपए टूटा तो चांदी 200 रुपए उछली

नई दिल्ली। स्थानीय बाजारों में कमजोर मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये गिरकर 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबार में यह 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, पिछले पांच सत्रों की गिरावट के बाद चांदी की कीमतों में उछाल आया और यह 200 रुपये बढ़कर 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 3,007.60 डॉलर प्रति औंस हो गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा), जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''रुपये की कमजोरी ने तेजी को और बढ़ाया।, जिससे सोने में तेजी के साथ सकारात्मक कारोबार हुआ।





## प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के पर पंजाब एण्ड सिंध बैंक द्वारा आयोजित शिविर


नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना उद्यमियों के सशक्तिकरण (विशेषतः समाज के सीमांत वर्गों से आने वाले ), को ध्यान में रखते हुए गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को 20 लाख तक का ऋण प्रदान करने हेतु 08 अप्रैल 2015 को शुरू की गई थी।प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने दिनाँक 08 अप्रैल 25 को एक अभियान आयोजित किया। प्रभावशाली और व्यापक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए, पंजाब एण्ड सिंध बैंक आंचलिक कार्यालय दिल्ली-2 की सभी 65 शाखाओं के द्वारा एक विशेष मुद्रा योजना शिविर का आयोजन किया गया । शाखाओं ने अभियान के दौरान सभी पात्र लाभार्थियों को पी एम एम वाई आवेदन उपलब्ध करवाए तथा पी एम एम वाई ऋण संस्वीकृत करवाए ।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जिला सिरसा-I जीएसएसएस पिपली में बरामदरा, हॉल और बास्केट ग्राउंड सहित 5 एकड़ का निर्माण +2 कार्य | 05.04.2025 15.04.2025 | 2.13 करोड़ | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/33734/I/88/7 दि. 08.04.25


## शब्द पहेली - 5831



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5830 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | श | म | शा | न | | म | ति | मं | द | |
| क | | | य | | वी | | रं | | | शै |
| र | | प | र | व | र | दि | गा | र | | ता |
| ता | ड़ | ना | | | वा | | | ज | वा | न |
| र | | ह | | प | र | दा | | त | री | |
| | नी | | गै | र | | म | जा | | स | |
| | र | वि | | म | न | न | | स | | आ |
| ग | ज | रा | | | फा | | | ह | की | म |
| र | | म | ह | सू | स | क | र | ना | | द |
| म | | | रा | | त | | खै | | | नी |
| | सो | म | ना | थ | | य | ल | गा | र | |

## सूडोकु नवताल - 5841

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANCAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5840 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



# मार्च में खूब चला श्रेयस का बल्ला, बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी ▶▶ दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मार्च 2025 महीने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के श्रेयस अय्यर को नामित किया। उनके साथ-साथ न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र भी इस पुरस्कार के लिए नामांकित हुए हैं। बता दें कि इन तीनों खिलाड़ियों ने मार्च 2025 में अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ महिलाओं में अमेरिका की चेतना प्रसाद, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वॉल को नामित किया गया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में जमकर बटोरे थे रन

अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय बल्लेबाजी क्रम में संकटमोचक बनकर उभरे थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली थी। अय्यर इस संस्करण में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 5 पारियों में 48.60 की औसत और 79.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 243 रन बनाए थे। उन्होंने मार्च में 3 वनडे में 57.33 की औसत से 172 रन बनाए थे।



## मार्च में ऐसा रहा रचिन रविंद्र का प्रदर्शन

रचिन रवींद्र ने अपनी ऑलराउंड क्षमता के साथ न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में पहुंचाया था। मार्च में उन्होंने 3 वनडे मैचों में 50.33 की शानदार औसत और 106.33 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए थे। दूसरी तरह गेंदबाजी में उन्होंने 4.66 की इकॉनमी रेट के साथ 3 विकेट भी चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 108 रन की पारी खेली थी।

## ऐसा रहा कीवी गेंदबाज डफी का प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने मार्च में शानदार प्रदर्शन किया था। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 8.38 की औसत और 6.17 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए थे। उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन के चलते ही न्यूजीलैंड ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की थी। डफी ने मार्च के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में भी 2 विकेट लिए थे।

अलग खबर

## रोहित शर्मा के नाम पर हो सकता है वानखेड़े स्टेडियम का स्टैंड



**मुंबई।** बीते सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में शिकस्त मिली। फिलहाल इस लीग में हिस्सा ले रहे एमआई के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा से जुड़ी अच्छी खबर है। दरअसल, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन रोहित के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रख सकती है।

**15 अप्रैल को हो सकता है अंतिम फैसला :** बता दे कि एमसीए को अपने क्लब सदस्यों से वानखेड़े स्टेडियम के बाहर स्टैंड या विभिन्न स्थानों के नाम, भारतीय खिलाड़ियों के नाम पर रखने के अनुरोध और प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, सदस्यों की ओर से सुझाव आए हैं और ऐसी खबर है कि 15 अप्रैल को इस पर निर्णय लिया जाएगा।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 |
| बैंगलोर | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप लिए अतिरिक्त स्टाफ

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने उत्तर प्रदेश के झांसी में चल रही सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों को चिकित्सा और रिकवरी में सहयोग के लिये अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ भेजा है



जिसमें एक फिजियो और एक मालिशिया शामिल है। इस साल चैम्पियनशिप में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के 31 खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं जिनमें हार्दिक सिंह, जरमनप्रीत सिंह, कृशन बी पाठक, अभिषेक, अमित रोहिदास, सुमित, गुरजंत सिंह और संजय शामिल हैं।

### सेंडा विश्व कप में भारतीय वुशु खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन

**जियांगयिन।** भारतीय वुशु खिलाड़ी मुकेश चौधरी ने 75 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता जबकि पांच अन्य खिलाड़ी यहां 10वें सेंडा विश्व कप के फाइनल में पहुंच गए। छह सदस्यीय भारतीय दल ने अब तक टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ



उल्लेखनीय कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है। भारत के अभियान का अब तक का मुख्य आकर्षण चौधरी रहे हैं जिन्होंने फाइनल में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी पर प्रभावशाली जीत दर्ज करके 75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। कुशाल ने 48 किग्रा वर्ग में यमन के अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में जगह बनाकर भारत की जीत का सिलसिला जारी रखा। रवि पांचाल ने 65 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में जगह बनाई जबकि 52 किग्रा वर्ग में अनुज कुमार और 85 किग्रा वर्ग में रजत चरक भी स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे।

### चैंपियन्स ट्रॉफी से पीसीबी को अनुमान से अधिक कमाई

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दावा किया है कि आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी से उसे तीन अरब रुपये की कमाई हुई है



जो उसके दो अरब रुपये के लक्ष्य से अधिक है। पीसीबी ने यह दावा नेशनल असेंबली को लिखित जवाब में किया है जिसने पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लगातार खराब प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की है। पीसीबी ने अपने लिखित जवाब में यह भी पुष्टि की है कि कराची, लाहौर और रावलपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण पर कुल 18 अरब रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

आईपीएल : निकोलस पूरन ने खेली 87 रन की नाबाद पारी

# आखिरी ओवर तक रोमांचक रहा मुकाबला लखनऊ ने कोलकाता को 4 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 4 रन से हराते हुए अपनी तीसरी जीत दर्ज की है। ईडन गार्डन स्टेडियम में हुए मैच में एलएसजी ने पहले खेलते हुए 238/3 का स्कोर बनाया था। जवाब में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआरकी टीम 234/7 का स्कोर ही बना सकी।

### इस तरह से रहा रोचक मुकाबला

एलएसजी से एडेन मार्करम (47) और मिचेल मार्श (81) की सलामी जोड़ी ने 99 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत मिलने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए निकोलस पूरन ने 36 गेंदों में नाबाद 87 रन बनाए और टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में क्विंटन डिकॉक (15) के जल्दी आउट होने के बाद केकेआर से सुनील नरेन (30), वेंकटेश अय्यर (45) और अजिंक्य रहाणे (61) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।




### पूरन ने पूरे किए 2000 रन

पूरन ने इस पारी के दौरान खास उपलब्धि हासिल की है। अपनी पारी का 30वां रन बनाते ही उनके आईपीएल करियर में 2,000 रन भी पूरे हो गए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले 52वें बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने सर्वाधिक रनों के मामले में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने इस लीग में 83 मैचों में 2,029 रन बनाए थे।

### केकेआर ने पावरप्ले में बनाए 90 रन

केकेआर ने शुरुआती 6 ओवर के बाद 90/1 का स्कोर बनाया था। यह पावरप्ले ओवर्स में केकेआर का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। बता दें कि केकेआर का शुरुआती 6 ओवर्स में सबसे बड़ा स्कोर 105/0 (बनाम आरसीबी 2017) रहा है।

### रहाणे के टी-20 में 7000 रन

रहाणे ने अपने टी-20 करियर में 7,000 रन पूरे किए। उनके अब टी-20 करियर में 276 मैचों की 259 पारियों में 7,036 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 105* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 2 शतक और 50 अर्धशतक लगाए हैं। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए रहाणे ने 35 गेंदों में 61 रन की पारी खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 33वां अर्धशतक लगाया। यह उनके बेमिसाल टी-20 करियर का 50वां अर्धशतक रहा।


### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन मार्क्रम बो राणा | 47 | 28 | 4 | 2 |
| मिचेल मार्श का सिंह बो रसेल | 81 | 48 | 6 | 5 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 87 | 36 | 7 | 8 |
| अब्दुल समद बो राणा | 06 | 04 | 1 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 04 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन, योग : 20 ओवर में 3 विकेट पर 238 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-35-0, जॉनसन 3-0-46-0, चक्रवर्ती 4-0-31-0, राणा 4-0-51-2, नारायण 3-0-38-0, रसेल 2-0-32-1

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक पगबाधा बो आकाशदीप | 15 | 9 | 0 | 2 |
| नारायण का मार्क्रम बो राठी | 30 | 13 | 4 | 2 |
| अजिंक्य रहाणे का पूरन बो ठाकुर | 61 | 35 | 8 | 2 |
| वअय्यर का मार्क्रम बो आकाशदीप | 45 | 29 | 6 | 1 |
| रमनदीप का मार्क्रम बो बिश्नोई | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी का पंत बो आवेश | 05 | 04 | 1 | 0 |
| आंद्रे रसेल का मिलर बो ठाकुर | 07 | 04 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 38 | 15 | 6 | 2 |
| हर्षित राणा नाबाद | 10 | 09 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 20 रन, योग : 20 ओवर, 234/7 रन
गेंदबाजी : आकाशदीप 4-0-55-2, ठाकुर 4-0-52-2 आवेश 4-0-45-1, राठी 4-0-33-1, बिश्नोई 4-0-47-1



▶▶चेन्नई लगातार चौथा मैच हारी

▶▶प्रियांश आर्या का 39 बॉल पर शतक

# प्रियांश के शतक से पंजाब ने सुपरकिंग्स को हराया

**मुल्लांपुर।** सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के तूफानी शतक से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 18 रन से हरा दिया जो सुपरकिंग्स की लगातार चौथी हार है।

पंजाब किंग्स के 220 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (69 रन, 49 गेंद, छह चौके, दो छक्के) के अर्धशतक और शिवम दुबे (42) के साथ तीसरे विकेट की उनकी 89 रन की साझेदारी के बावजूद पांच विकेट पर 201 रन ही बना सकी। कॉनवे ने रचिन रवींद्र (36) के साथ भी पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े।

पंजाब किंग्स की ओर से लॉकी फर्ग्युसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 40 रन देकर दो विकेट चटकाए। पंजाब किंग्स ने इससे पहले खराब शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 219 रन बनाए। आईपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से चौथा सबसे तेज शतक जड़ने वाले प्रियांश ने 42 गेंद में नौ छक्कों और सात चौकों से 103 रन की पारी खेली।

कई नए चेहरे शामिल

# तीन देशों की ट्राई सीरीज 27 से महिला क्रिकेट टीम का ऐलान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने आगामी सीनियर महिला त्रि-राष्ट्र श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 27 अप्रैल से श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर. प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में भारत, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें हिस्सा लेंगी।

इस ट्राई सीरीज में भारतीय टीम की अगुवाई हरमनप्रीत कौर करेंगी। उपकप्तान के रूप में स्मृति मंधाना को चुना गया है। भारतीय टीम के अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी जैसे जेमिमाह रोड्रिग्स, हरलीन देओल और रिचा घोष भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी मौका मिला है। कश्मीरी गौतम, एन श्री चारानी और शुचि उपाध्याय को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।

### ट्राई सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (वीसी), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसब्निस, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय।

### भारतीय टीम में शामिल हुए ये नए चेहरे

कश्मीरी गौतम ने 2025 महिला प्रीमियर लीग में 9 मैचों में 11 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज बनीं। एन श्री चारानी ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए में दो मैच खेले, जिनमें उन्होंने 4 विकेट चटकाए। शुचि उपाध्याय ने पिछले साल दिसंबर में सीनियर महिला एक दिवसीय ट्रॉफी में 18 विकेट लेकर अपनी टीम मध्य प्रदेश को टूर्नामेंट जितवाया। शुचि को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था।

### शेफाली वर्मा को नहीं मिली जगह

भारतीय टीम में कुछ अहम खिलाड़ी चोटिल हैं, जिनकी वजह से उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया है। रेणुका सिंह ठाकुर और तितास साधु दोनों ही चोटिल हैं। उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को मौका दिया गया है। इसके अलावा, शेफाली वर्मा को एक बार फिर से टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि उनके नाम पर लगातार चर्चा हो रही थी।

## भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा अनूठा हर मुकाबला, अलग मैदान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार, यह सीरीज विशेष रूप से अनूठी होगी क्योंकि भारत के सभी आठ मुकाबले आठ अलग-अलग स्थानों पर खेले जाएंगे। भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह है. यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम इंडिया इस चुनौतीपूर्ण श्रृंखला में किस तरह प्रदर्शन करती है.

**दो यूनियन टेरिटरीज व 6 राज्यों होंगे मुकाबले**
ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने 2025-26 सीजन के अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसमें पहली बार सभी छह राज्यों और दो यूनियन टेरिटरीज में अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित किए जाएंगे। इससे क्रिकेट प्रशंसकों को पूरे देश में अपने पसंदीदा सितारों को देखने का अवसर मिलेगा। भारत के अलावा, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड की टीमें भी इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगी।

# गुजरात अपना दबदबा कायम रखेगी या फिर आरआर तोड़ेगी उसका गुरूर, फैसला आज

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुकाबला शाम 7.30 बजे से

एजेंसी ▶▶ मुंबई



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 23वां मैच गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 9 अप्रैल को होगा। मौजूदा सीजन में अब तक जीटी ने 4 में से 3 मैच जीते हैं, जबकि आरआर ने अपने 4 में से 2 मुकाबलों में जीत दर्ज की हुई है।शुभमन गिल की कप्तानी वाली जीटी अपने घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाना चाहेगी। जीटी और आरआर के बीच होने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

**आरआर के खिलाफ जीटी का पलड़ा रहा है भारी :** दोनों टीमों के बीच हुए मैचों में गुजरात टाइटंस का पलड़ा भारी रहा है। जीटी और आरआर के बीच अब तक कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं। पांच मुकाबलों में गुजरात टाइटंस को जीत मिली है और सिर्फ 1 मैच राजस्थान रॉयल्स ने अपने नाम किया है। आईपीएल 2024 में दोनों के 1 मुकाबला खेला गया था, जिसमें जीटी ने जीत दर्ज की थी। आरआर ने जीटी के खिलाफ अपनी इकलौती जीत आईपीएल 2023 में दर्ज की थी।

### सफल रही सुदर्शन-गिल जोड़ी

गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले 3 मैचों में जीत दर्ज की थी और गिल के नेतृत्व में टीम अपने जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। अब तक साई सुदर्शन और गिल की सलामी जोड़ी सफल हुई है। ये सलामी जोड़ी एक बार फिर अच्छी शुरुआत दिलाना चाहेगी।

तीन माह होंगे रोमांचक मुकाबले, शेड्यूल हुआ जारी

# टीम इंडिया का द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज से मुकाबला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम का अक्टूबर से दिसंबर का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस दौरान भारतीय टीम वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के साथ सीरीज खेलेगी। पहली बार किसी टेस्ट मैच की मेजबानी गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को दी गई है। इस मैदान पर भारत और साउथ अफ्रीका के बीच मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, पहली बार कोई मेन्स इंटरनेशनल मैच मोहाली के मुल्लांपुर स्टेडियम में खेला जाएगा।

**जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज**
जून में भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। उसके बाद अक्टूबर से दिसंबर का यह समय भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा क्योंकि



इन तीन महीनों में भारतीय टीम पूरी तरह से इन दोनों सीरीज में व्यस्त रहेगी। इससे पहले भारतीय टीम को और भी कई महत्वपूर्ण सीरीज खेलनी हैं।

**तीन माह के भीतर होगी दोनों से भिड़ंत**
भारतीय टीम के वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले अक्टूबर में होंगे। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। वहीं साउथ अफ्रीका के साथ भारतीय टीम दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले नवंबर-दिसंबर में खेले जाएंगे।

### वेस्ट इंडीज के खिलाफ शेड्यूल

वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और कोलकाता में मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरा मुकाबला 10 अक्टूबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

### द.अफ्रीका के खिलाफ शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टेस्ट | नई दिल्ली 14 से 18 नवंबर |
| दूसरा टेस्ट | गुवाहाटी 22 से 26 नवंबर |
| पहला वनडे | रांची 30 नवंबर |
| दूसरा वनडे | रायपुर 3 दिसंबर |
| तीसरा वनडे | वाइजैग 6 दिसंबर |
| पहला टी-20 | कटक 9 दिसंबर |
| दूसरा टी-20 | मुल्लांपुर 11 दिसंबर |
| तीसरा टी-20 | धर्मशाला 14 दिसंबर |
| चौथा टी-20 | लखनऊ 17 दिसंबर |
| पांचवां टी-20 | अहमदाबाद 19 दिसंबर |

## 11वें अतंरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज

# 21 जून को मनाया जाएगा, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर किया गया योग, स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र जीवन के उत्सव का दिया संदेश

*भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि वर्ल्ड ट्रेज सेंटर पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची इमारत है, जो लचीलेपन और उम्मीद का प्रतीक है। योग सत्र में ध्यान, योगासन, श्वास क्रिया और आत्म-जागरूकता तकनीकें शामिल थीं*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर सोमवार (स्थानीय समयानुसार) सुबह योग किया गया। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने किया। इस योग सत्र में न्यूयॉर्क में भारत के उप महावाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी, छात्र और योग उत्साही शामिल हुए। यह तैयारी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए की गई, जिसके आयोजन में अब 75 दिन बाकी हैं, जो 21 जून को मनाया जाएगा। योग सत्र 1,776 फीट ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी की 102वीं मंजिल पर आयोजित किया गया, जो एक घंटे से अधिक समय तक चला। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनया प्रधान ने सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बताया कि यह सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की उल्टी गिनती के रूप में आयोजित किया गया। यहां से मैनहट्टन और न्यू जर्सी के खूबसूरत दृश्य देखे जा सकते हैं।




### टाइम्स स्क्वायर और यूएन मुख्यालय से लेकर कई जगह होंगे आयोजन

### पीएम मोदी ने 2023 में योग दिवस समारोह का किया था नेतृत्व

## पूरे अमेरिका में आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

जून में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, टाइम्स स्क्वायर और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से लेकर अन्य प्रतिष्ठित स्थलों पर पूरे अमेरिका में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनका समापन भव्य योग दिवस समारोह के साथ किया जाएगा। बता दें, पीएम नरेंद्र मोदी ने 2023 में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में ऐतिहासिक योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वार्षिक समारोह के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था।

### लोगों को एक साथ लाने का अच्छा तरीका

*ऑफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने योग सत्र को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे ऊंची इमारत पर योग सत्र आयोजित किया जाना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की उल्टी गिनती शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका है। योग सत्र शुरू करने से पहले, लाल ने 9/11 हमलों का उल्लेख करते हुए प्रतिभागियों से कहा कि वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का इतिहास हिंसक रहा है। उन्होंने कहा कि योग लोगों को एक साथ लाने का सबसे अच्छा तरीका है।*



### ध्यान, योगासन तकनीकें शामिल

*महावाणिज्य दूत प्रधान ने योग सत्र की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड ट्रेज सेंटर पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची इमारत है, जो लचीलेपन और उम्मीद का प्रतीक है। महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि इस सत्र में ध्यान, योगासन, श्वास क्रिया और आत्म-जागरूकता तकनीकें शामिल थीं। दिन की शुरुआत शांति और सकारात्मकता के साथ की गई। इस सत्र ने भारतीय प्रवासियों और भारत के मित्रों को स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र जीवन के साझा उत्सव का संदेश दिया।*

---

## खबर संक्षेप

### कोयला खदान में गैस रिसाव, 7 श्रमिकों की मौत



**तेहरान।** ईरान के उत्तरी हिस्से में एक कोयला खदान में गैस रिसाव से सात श्रमिकों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में तीन अफगानी थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। हादसा सोमवार दोपहर राजधानी तेहरान से लगभग 270 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दमघन शहर के पास हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा उपायों की अनदेखी की वजह से ऐसा भीषण हादसा हुआ होगा। ईरान में हर साल औद्योगिक दुर्घटनाओं में कथित तौर पर लगभग 700 श्रमिकों की मौत होती है।

### पाक में आतंकी कारी को गोलियों से भूना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मौलाना मसूद अजहर के रिश्तेदार कारी एजाज आबिद को ढेर कर दिया। हमलावरों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में पिस्खारा इलाके में मस्जिद से बाहर निकलते समय उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कारी एजाज का खास सहयोगी कारी शाहिद भी बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, कारी एजाज अहले सुन्नत वल जमात नामक संगठन का सदस्य था।

### पाक ने तीर्थयात्रियों को जारी किए 6,500 वीजा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान उच्चायुक्त ने 10 से 19 अप्रैल आयोजित होने वाले बैसाखी पर्व को लेकर भारतीय तीर्थयात्रियों को 6,500 से अधिक वीजा जारी किए हैं। पाकिस्तानी कूटनीतिक मिशन ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच 1974 के धार्मिक स्थलों पर यात्रा प्रोटोकॉल के तहत वाजा जारी किए गए हैं। पाकिस्तानी मिशन के अनुसार, इस बार श्रद्धालु गुरुद्वारा पंजा साहिब, गुरुद्वारा ननकाना साहिब और गुरुद्वारा करतारपुर साहिब जैसे पवित्र स्थलों गुरुद्वारों का दर्शन कर सकेंगे।

---

### घुसपैठ रोकने उठाया बड़ा कदम

# भारत-नेपाल की सीमा पर बिना पहचान पत्र एंट्री नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले सभी नागरिकों को अब पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य हो गया है। एसएसबी ने यह बड़ा कदम देश में घुसपैठ को रोकने के लिए उठाया है। एसएसबी की तरफ से जारी किया गया आदेश भारतीय और नेपाली नागरिकों पर समान रूप से लागू किया गया है। नए आदेश के तहत सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है और प्रवेश करने से पहले सभी को अपनी पहचान प्रमाणित करना जरूरी हो गया है। बता दें कि सीतामढ़ी जिले में भारत-नेपाल सीमा 90 किलोमीटर है। वहीं बिहार के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज से होकर यह सीमा कुल 1,751 किलोमीटर लंबी है।

### चेकपोस्ट पर सुरक्षा मजबूत की

एसएसबी ने नेपाल सीमा से जुड़े सभी प्रमुख चेकपोस्टों पर सुरक्षा को मजबूत किया है। इन चेकपोस्टों में बैरगनिया, सोनबरसा, सुरसंड, भिट्ठामोड़, कन्हौली, कन्हमां, लालबंदी जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं, जहां सशस्त्र सीमा बल के जवान पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं। अब तक इन सीमा चौकियों पर सिर्फ वाहनों की जांच की जाती थी, लेकिन अब सभी नागरिकों के पहचान पत्र की जांच की जा रही है। इसमें केवल भारतीय नागरिकों को ही नहीं, बल्कि नेपाली नागरिकों को भी अपने वैध पहचान पत्र दिखाने की आवश्यकता है। एसएसबी के जवान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी व्यक्ति को बिना पहचान के भारतीय सीमा में प्रवेश न करने दिया जाए।

### केवल वैध नागरिकों को ही मिलेगा प्रवेश

नेपाल से भारत में प्रवेश करने के लिए नेपाली नागरिकों को अपनी पहचान को प्रमाणित करने के लिए नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र, नेपाल चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र और नेपाल मिशन द्वारा जारी सीमित वैधता वाला फोटो पहचान पत्र मान्य किया गया है। वहीं, भारतीय नागरिकों के लिए नेपाल यात्रा से लौटने पर अपने पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल वैध नागरिक ही भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर सकें।

---

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले

सरकार आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करने के प्रति कटिबद्ध

# आतंकवाद को कठोरता से कुचलें, जीरो टेरर प्लान लागू करने के दिए निर्देश

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर के दौरे के तीसरे और आखिरी दिन मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में दो बैठकों की अध्यक्षता की। एक बैठक जम्मू कश्मीर के विकासात्मक परिदृश्य से संबधित रही और दूसरी सुरक्षा मामलों पर केंद्रित एकीकृत मुख्यालय की बैठक थी। राजभवन में आयोजित एकीकृत मुख्यालय में जम्मू कश्मीर के मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य का जायजा लेते हुए उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू कश्मीर में सिर उठाने का प्रयास कर रहे आतंकवाद को कठोरता से कुचलने का निर्देश देते हुए उन्हें सजगता, सूचना, समन्वय और संहार के मूलमंत्र के जीरो टेरर प्लान को लागू करने के लिए कहा। उन्होंने तीन जुलाई से नौ अगस्त 2025 तक जारी रहने वाले श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा की वार्षिक तीर्थयात्रा के सुरक्षा की तैयारियों का भी जायजा लिया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी समेत सेना, केंद्रीय अर्धसैन्यबलों, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों, केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक समेत 29 अधिकारियों ने भाग लिया। मौजूदा वर्ष के दौरान जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा परिदृश्य पर केंद्रीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली यह पांचवीं बैठक है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में दो-दो बार हुई सुरक्षा समीक्षा बैठकें दिल्ली में बुलाई गई थीं। एकीकृत मुख्यालय की बैठक में उम्मीद के अनुरूप मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शामिल नहीं हुए।

**सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने पर दिया जोर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यहां कानून व्यवस्थ को बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता है



### सीमा पार से हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकें

बैठक में जम्मू-कश्मीर में कई इलाकों में फिर से आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी, सीमा पार आतंकियों की घुसपैठ में बढ़ोतरी, सीमा पार से हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी और सीमा पार विशेषकर गुलाम जम्मू कश्मीर में आतंकियों के लॉन्चिंग पैड के पुनः सक्रिय होने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। कठुआ, राजौरी-पुंछ और रामबन-किश्तवाड़ रेंज में सक्रिय आतंकियों के सफाए के लिए एक विशेष अभियान चलाने और क्षेत्र विशेष में आतंकी गतिविधियों के आकलन के आधार पर आवश्यकतानुसार सुरक्षाबलों की तैनाती पर भी विचार विमर्श किया गया। सीमावर्ती इलाकों में वीडीजी को पूरी तरह से सक्रिय बनाने के विभिन्न उपायों पर भी चर्चा हुई।

### पोषित आतंकवाद का इकोसिस्टम ध्वस्त हुआ

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि भारत सरकार जम्मू और कश्मीर में चिरस्थायी शांति स्थापित करने और आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने आतंकी घटनाओं घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय कमी के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू और कश्मीर में देश के शत्रुओं द्वारा पोषित आतंकवाद का पूरा इकोसिस्टम ध्वस्त हो गया है।

### कानून व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यहां कानून व्यवस्थ को बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। राष्ट्रविरोधी तत्वों के प्रति शून्य सहिष्णुता और जीरो टेरर की नीति को आगे बढ़ाया जाएगा। कहा कि सजगता और सूचना के सहारे हम दुश्मन के इरादों का पहले ही पता लगाकर उन्हें नाकाम बना सकते हैं। इससे हमें आतंकियों की भर्ती को समाप्त करने और युवाओं को गुमराह होने से बचाने का भी पूरा मौका मिलेगा। राजभवन जाने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कीर्ति चक्र से सम्मानित पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं मुजम्मिल भट के पिता एवं सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) गुलाम हसन भट के साथ करीब 20 मिनट बिताए।

---

### मुक्त व्यापार समझौते पर चरणबद्ध वार्ताएं कर रहा भारत

# यूरोपीय संघ के साथ दसवें दौर की वार्ता पूरी आस्ट्रेलिया संग दो चरणों की चर्चाएं हुई पूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की तरफ से उच्च शुल्क लगाए जाने से पैदा हुए अनिश्चित वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चरणबद्ध ढंग से बातचीत करने की संभावना तलाश रहे हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारत ने पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ भी इसी तरह दो चरणों में व्यापार समझौतों पर बातचीत की थी। दोनों पक्षों ने पिछले महीने ब्रसेल्स में इस प्रस्तावित


फाइल फोटो

समझौते के लिए दसवें दौर की वार्ता पूरी की थी। अगले दौर की बातचीत मई में नई दिल्ली में होने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के साथ भारत दौरे पर आईं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन के बाद वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।

### 2013 में रुक गई थी वार्ता

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उच्च सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद भारत और यूरोपीय संघ के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ ने आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एफटीए पर वार्ता फिर से शुरू की थी।*

### चार देशों की संसद से मिली मंजूरी

*अधिकारी ने भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच एफटीए को लागू करने की दिशा में हुई प्रगति की भी जानकारी दी। सभी चार यूरोपीय देशों की संसद ने समझौते को मंजूरी दे दी है। दोनों पक्ष इस साल के अंत तक इस समझौते को लागू करने का लक्ष्य बना रहे हैं।*

---

ट्रंप से मिले इजराइल के पीएम

# कहा- अमेरिका के साथ व्यापार घाटे को करेंगे कम, परमाणु कार्यक्रम पर ईरान से करें बात

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टैरिफ को कम करने की बातचीत बेनतीजा रही। ट्रंप ने इजराइल पर 17 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाया है जिसे लेकर नेतन्याहू ने ट्रंप से सोमवार को मुलाकात की थी। ट्रंप ने जवाबी शुल्क कम करने से साफ मना कर दिया हालांकि ट्रंप ने यह संकेत देते हुए कहा कि स्थायी टैरिफ हो सकते हैं और वार्ता भी हो सकती है। हम हर देश के साथ निष्पक्ष और अच्छे समझौते करेंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम उनसे कोई संबंध नहीं रखेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि मैं राष्ट्रपति का



धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे फिर से व्हाइट हाउस आमंत्रित किया। वह एक अद्वितीय मित्र रहे हैं। वह हमारे गठबंधन के महान समर्थक हैं और जो वह कहते हैं, उसे करते भी हैं। हम अमेरिका के साथ व्यापार घाटे को समाप्त करेंगे। हम इसे बहुत जल्दी करना चाहते हैं। हमें लगता है कि यह सही काम है और हम व्यापार बाधाओं को भी समाप्त करेंगे।

### वार्ता उच्चतम स्तर पर होगी

ट्रंप ने कहा कि वार्ता लगभग उच्चतम स्तर पर होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह वार्ता कहां होगी और इसके लिए कौन से प्रतिनिधि भेजे जाएंगे। बता दें, ट्रंप ने 2018 में पहले कार्यकाल के दौरान ईरान के साथ परमाणु समझौते से अमेरिका को बाहर कर दिया था। इस समझौते को अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की सरकार ने 2015 में ईरान के साथ किया था।

### ट्रंप की चेतावनी, ईरान को बहुत बड़ा खतरा

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अब ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम पर सीधे वार्ता करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह वार्ता सफल नहीं होती है, तो ईरान को 'बहुत बड़ा खतरा' हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि यह वार्ता शनिवार से शुरू होगी।


---

### अवैध प्रवासियों पर ट्रंप प्रशासन की एक और मार

# यूएस नहीं छोड़ा तो एक मिलियन डॉलर का लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार पद संभालने के बाद से 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति पर चलते हुए अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने के लिए ताबड़तोड़ एक्शन लिए हैं। ट्रंप प्रशासन ने न सिर्फ हजारों प्रवासियों को सैन्य विमानों के जरिए डिपोर्ट कर दिया, बल्कि देश में उन पर कड़ी निगरानी भी रखी जा रही है। अमेरिकी सरकार डिपोर्ट के आदेशों के बावजूद अमेरिका न छोड़ने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है। ट्रंप प्रशासन ने निर्वासन आदेश के तहत प्रवासियों पर प्रतिदिन 998 डॉलर तक का जुर्माना लगाने की योजना बनाई है। इसके मुताबिक अगर प्रवासी, तय समय सीमा तक अमेरिका छोड़ने में विफल रहते हैं तो भुगतान न करने पर उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी।



### प्रवासियों पर प्रतिदिन 998 डॉलर तक का जुर्माना लगेगा

### तय सीमा में यूएस नहीं छोड़ा तो उनकी संपत्ति भी होगी जब्त

### होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की चेतावनी

*यूएस होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की प्रवक्ता ट्रिसिया मैकलॉघलिन ने एक बयान में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों को सेल्फ डिपोर्ट और देश छोड़ने के लिए एक मोबाइल ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है। मैकलॉघलिन ने कहा कि अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्हें प्रति दिन 998 डॉलर का जुर्माना भरना होगा।*

### 1996 के कानून के सहारे ट्रंप

इन योजनाओं पर बताया है कि ट्रंप प्रशासन यह जुर्माना पांच साल तक के लिए पूर्वव्यापी रूप से लागू कर सकती है। अगर यह योजना धरातल पर उतारी गई तो प्रवासियों पर एक मिलियन डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस फैसले को अमल में लाने के लिए ट्रंप 1996 के एक कानून का सहारा ले सकते हैं।

---

### अल्लाह ने किसी वजह से ही जिंदा रखा है, मैं वापस आऊंगी: हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा है कि अल्लाह ने उन्हें किसी वजह से ही अब तक जिंदा रखा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अवामी लीग के सदस्यों की हत्या की है, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। शेख हसीना ने बांग्लादेश में हिंसा में मारे गए अवामी लीग के नेताओं के परिजनों से वर्चुअली बात करते हुए ये बात कही। शेख हसीना को हिंसा के चलते बीते साल अगस्त में पीएम पद के साथ ही देश भी छोड़ना पड़ा था। शेख हसीना ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर निशाना साधा और कहा कि 'मोहम्मद यूनुस ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने कभी भी लोगों से प्यार नहीं किया। उन्होंने लोगों को ऊंची ब्याज दर पर लोगों को थोड़े-थोड़े पैसे ब्याज पर दिए और उस पैसे से विदेश में आलीशान जिंदगी गुजारी। हम भी उनके दोहरे चरित्र को समझ नहीं सके और हमारी सरकार ने भी उनकी मदद की, लेकिन लोगों को इससे फायदा नहीं हुआ।



---

### कनाडा के पीएम स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे

# आध्यात्मिकता से हुए अभिभूत, शांति सद्भावना, समृद्धि की मंगल कामना की

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्री स्वामीनारायण जयंती के पावन पर्व पर बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, टोरंटो का दिव्य और भक्ति-भावनाओं से परिपूर्ण दर्शन किया। यह शुभ अवसर भगवान श्रीराम और भगवान श्री स्वामीनारायण की पवित्र जयंती का संयुक्त उत्सव था।



### पीएम कार्नी ने नीलकंठ वर्णी महाराज का अभिषेक किया

*पीएम का स्वागत वैदिक परंपरा के अनुसार पवित्र सूत्र बांधकर तथा पुष्प मालाओं से किया गया। उन्हें मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा से परिचित कराया। पीएम ने नीलकंठ वर्णी महाराज का अभिषेक कर देश-विदेश में शांति, सद्भावना और समृद्धि की मंगल कामना की। मंदिर की भव्यता, कलात्मक पत्थर की नक्काशी और आध्यात्मिक वातावरण से पीएम अभिभूत हो गए।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109